केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

इन्सान तीन ही अच्छे होते हैं...
एक जो मर गया हो...
दूसरा, जो अभी पैदा नहीं हुआ...
और तीसरा वो, जिसे हम जानते नहीं...!

वर्ष 13 अंक 262 | उज्जैन, रविवार 5 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### यहां होली की धधकती आग के बीच से निकलता है पंडा



**मथुरा/जीएनएस।** होली के खुमार में डूबी कान्हा नगरी में एक गांव ऐसा भी है जहां सदियों से धधकती होली के बीच से पंडे के निकलने की परंपरा आज भी निभाती जा रही है। मान्यता है कि श्रद्धा के इस खेल में पंडे को होली की आंच बर्फ के माफिक ठंडी लगती है। इस बार फालैन गांव की धधकती होली से मोनू पंडा निकलेगा। वह वसंत से ही गांव कें प्रहलाद मन्दिर में रहकर आराधना कर रहा है और पिछले एक पखवारे से उसने अन्न का परित्याग कर दिया है। वह केवल दूध और फल ही ले रहा है।गोपाल मन्दिर के महन्त बालकदास ने बताया कि मोनू पिछले दो साल से धधकती होली से निकल रहा है तथा तीसरी बार होली से निकलने के लिए वह प्रहलाद मन्दिर में जप तप कर रहा है। यह विडंबना ही है कि फालैन गांव में इस अवसर पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ता है मगर जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिये कोई इंतजाम नहीं किये जाते और चंद पुलिसकर्मियों के सहारे मेला सम्पन्न होता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इतना बड़ा मेला लगने के बावजूद गांव विकास की मुख्य धारा से कोसों दूर है। गांव में आने जाने के लिए बस की कोई व्यवस्था नहीं है। बिजली कब आएगी और कब जाएगी इसका भी कुछ पता नही है।

### रूस का कोविड-19 रोधी टीका 'स्पूतनिक वी' तैयार करने वाले वैज्ञानिक की हत्या



**मास्को/जीएनएस।** रूस का कोविड-19 रोधी टीका 'स्पूतनिक वी' तैयार करने वाले वैज्ञानिकों में से एक आंद्रे बोतिकोव की यहां उनके आवास पर बेल्ट से गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के संबंध में एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रूसी मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इंवेस्टिगेटिव कमेटी ऑफ दि रूसी फेडरेशन ने बताया कि 'गामालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर इकोलॉजी एंड मैथमेटिक्स' में वरिष्ठ शोधकर्ता के रूप में काम करने वाले 47 वर्षीय बोतिकोव गुरुवार को अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। खबरों के अनुसार रूसी राष्ट्पति व्लादिमीर पुतिन ने 2021 में कोविड टीके पर अपने काम के लिए बोतिकोव को 'ऑर्डर ऑफ मेरिट फॉर दि फादरलैंड' पुरस्कार से सम्मानित किया था। रिपोर्ट के अनुसार, बोतिकोव उन 18 वैज्ञानिकों में से एक थे, जिन्होंने 2020 में 'स्पूतनिक वी' टीका विकसित किया था। मामले की जांच कर रही समिति ने कहा कि इसे हत्या का मामला मानकर तफ्तीश की जाएगी।

### अमरीका से यूक्रेन को 40 करोड़ डॉलर का सैन्य पैकेज, होवित्जर और लड़ाकू वाहन शामिल

**वाशिंगटन/जीएनएस।** अमरीका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने कहा है कि बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए 40 करोड़ डॉलर के नए सैन्य पैकेज की घोषणा की है, जिसमें हिमार्स, होवित्जर और ब्रैडली जैसे लड़ाकू वाहनों के लिए गोला-बारूद शामिल है।श्री ब्लिंकन ने कहा कि राष्ट्पति जो बाइडेन के एक प्रतिनिधिमंडल के तौर पर मैं अगस्त 2021 से यूक्रेन के लिए अमरीकी हथियारों और उपकरणों के हमारे 33वें ड्रॉडाउन को अधिकृत कर रहा हूं, जिसकी कीमत 40 करोड़ डॉलर है।इस सैन्य सहायता पैकेज में अमेरिका द्वारा प्रदान किए गए हिमार्स और हॉवित्जर तोपों के लिए अधिक गोला-बारूद शामिल है, जिसका उपयोग यूक्रेन खुद की रक्षा के लिए प्रभावी ढंग से कर रहा है। साथ ही इसमें ब्रैडली इन्फैंट्री फाइटिंग व्हीकल्स के लिए गोला-बारूद, आर्मर्ड व्हीकल लॉन्च किए गए पुल, विध्वंस गोला-बारूद और उपकरण, अन्य रखरखाव, प्रशिक्षण और समर्थन भी शामिल है।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की मऊगंज को जिला बनाने की घोषणा

- 4 तहसीलों को मिला कर मऊगंज बनेगा प्रदेश का नया जिला
- 15 अगस्त को मऊगंज जिला मुख्यालय पर फहराया जायेगा तिरंगा
- लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों को भाई का उपहार
- अब मेधावी छात्राओं को ई-स्कूटी भी मिलेगी
- एक लाख युवाओं को मिलेगा सीखो और कमाओ योजना का लाभ
- मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 27 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को 605 करोड़ रूपये की अनुग्रह राशि अंतरित की
- 738 करोड़ 92 लाख के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन/लोकार्पण
- मुख्यमंत्री रीवा जिले के मऊगंज में जन-कल्याण कार्यक्रम में हुए शामिल



**भोपाल /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार का मऊगंज तहसील को जिला बनाने का वादा आज पूरा हो रहा है। चार तहसील मऊगंज, हनुमना, नईगढ़ी और देव तालाब को मिला कर मऊगंज प्रदेश का नया जिला होगा। आज से ही जिला बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जायेगी और आगामी 15 अगस्त को जिला मुख्यालय पर तिरंगा फहराया जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज रीवा जिले के मऊगंज में जन-कल्याण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन-कल्याण (संबल) योजना 2.0 में प्रदेश के 27 हजार 310 श्रमिक परिवारों के खातों में 605 करोड़ रूपये की अनुग्रह राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। मुख्यमंत्री ने 738 करोड़ 92 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कन्याओं के पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा विकास, उपलब्धियों एवं नवाचारों पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं प्रदेश की बहनों का सौतेला नहीं सगा भाई हूँ। मैं हमेशा उनके कल्याण की सोचता रहता हूँ। एक दिन सुबह 4 बजे मेरे मन में संकल्प आया कि, मैं अपनी बहनों को राखी का उपहार दूँ और यह उपहार एक दिन नहीं, हर महीने दिया जाए। लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों को अपने भाई का उपहार है। इसके फार्म भरना 25 मार्च से शुरू हो जायेंगे और जून माह से 1000 रूपये हर महीना बहनों को मिलेंगे। इसके लिये बहनों को कहीं जाने की जरूरत नहीं है। सरकारी कर्मचारी शहर, गाँव और वार्डों में आयेंगे और फार्म भरवायेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार के लिये बहन और बेटियों का सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश की धरती पर बेटियाँ अभिशाप नहीं वरदान हैं। बेटियों के प्रति दुराचार करने वालों के लिये फाँसी का प्रावधान है। प्रदेश में 44 लाख 20 हजार लाड़ली लक्ष्मियाँ हैं। कन्या विवाह और प्रसूति सहायता जैसी योजनाएँ चलाई जा रही हैं। मेधावी विद्यार्थी योजना में पहले लेपटाप दिया जा रहा था। साथ ही अब जो बेटी गाँव में 12वीं कक्षा में सर्वाधिक अंक लायेगी, उसे ई-स्कूटी भी दी जायेगी। मेधावी विद्यार्थी योजना में उच्च शिक्षा की फीस शिवराज मामा भरवा रहा है। प्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिन्दी में प्रारंभ की गई है।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संबल गरीबों के कल्याण की योजना है। इसमें गरीब परिवारों को जन्म से लेकर पढ़ाई-लिखाई आदि विभिन्न प्रकार की सहायता दी जाती है। दुर्घटना में मृत्यु पर परिवार को 4 लाख, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख और निऱ्शक्तता पर एक लाख रूपये सहायता दी जाती है। पूर्व सरकार ने यह योजना बंद कर दी थी और बड़ी संख्या में हितग्राहियों के नाम काट दिये थे। हमारी सरकार ने पुनऱ योजना शुरू कर नाम जोड़ने का कार्य भी किया है। अभी तक 13 लाख कटे हुए नाम जोड़े जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ÷सीखो और कमाओ÷ योजना में लगभग एक लाख युवाओं को आगामी एक वर्ष में लाभ दिया जाएगा। प्रदेश में एक लाख 24 हजार सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चालू है। इसके अलावा एक लाख युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़ा जा रहा है। पिछली सरकार में डिफाल्टर हुए किसानों के ब्याज की 2 हजार 500 करोड़ रूपये की राशि हमारी सरकार भरेगी।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मऊगंज में टाउन हॉल निर्माण, औद्योगिकी क्षेत्र में विकास कार्य, हनुमना में डिग्री कॉलेज, घाट निर्माण, रोड निर्माण और जनजातीय उप योजना में विभिन्न कार्य कराये जाने की घोषणा भी की।

विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने कहा कि आज का दिन मऊगंज के लिये अत्यंत गौरवशाली और ऐतिहासिक है। आज मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रयासों से मऊगंज को जिला बनाने की वर्षों पुरानी माँग पूरी हो रही है।

## चुनावी साल में शिवराज सिंह चौहान का बड़ा ऐलान, मध्य प्रदेश को मिला 53वां जिला

**भोपाल /दैनिक मालवा हेराल्ड।** चुनावी साल में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़ा ऐलान किया है। शिवराज सिंह चौहान ने रीवा के मऊगंज को जिला बनाने की घोषणा कर दी है। इसमें जिले के साथ ही मध्यप्रदेश में अब कुल 53 जिले हो जाएंगे। इसने जिले में चार तहसील को शामिल किया गया है। मऊगंज, हनुमाना, नईगढ़ी और देवतालाब। अपने वक्तव्य में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज से मऊगंज को जिला बनाने की प्रक्रिया आरंभ हो जायेगी और 15 अगस्त को इस जिला मुख्यालय पर झंडा फहराया जायेगा।



इसके साथ ही भाजपा नेता ने इसके लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नईगढ़ी, मऊगंज, हनुमना तथा देव तालाब को मिलाकर मऊगंज को मध्यप्रदेश का जिला बनाया जाएगा। शिवराज सिंह चौहान के इस ऐलान में बाद इलाके में जश्न का माहौल है। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम भी इसी इलाके से आते हैं। उन्होंने कई बार इसकी वकालत भी की थी। जिले की कुल जनसंख्या 6 लाख से ज्यादा होगी। मुख्यमंत्री ने रीवा के मऊगंज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग दृष्टिबाधित बेटा-बेटियों से भेंट की और उनके प्रशिक्षण के लिए शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे उपकरणों का अवलोकन किया।शिवराज ने कहा कि लोग कहते थे कि बेटी बोझ है, तो मैंने संकल्प लिया था कि बेटी को वरदान बनाकर ही चैन की सांस लूंगा। मुख्यमंत्री बनते ही मैंने लाडली लक्ष्मी योजना बनाकर बेटियों को वरदान बनाया।

## चुनावी साल में सक्रिय दिख रही हैं वसुंधरा राजे, कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से साधा निशाना

**नईदिल्ली/जीएनएस।** भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि पूरे चार साल एक-दूसरे को पछाड़ने में लगा दिये, लेकिन किसने किसको पछाड़ा.. यह मेरा विषय नहीं है। इनकी लड़ाई की वजह से राजस्थान पिछड़ गया है। राजे ने भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, गैंगवार और दलित प्रताड़ना पर सरकार को घेरा और कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है और बिना पैसे के कोई काम नहीं होता है। राजस्थान में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। वर्तमान में देखें तो राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है। दूसरी ओर राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा के बीच मुख्य मुकाबला होता रहा है। हर 5 साल में यहां सत्ता परिवर्तन भी देखने को मिलता है। इन सबके बीच चुनावी साल में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे काफी सक्रिय नजर आ रही हैं। अपने जन्मदिन के मौके पर वह सालासर पहुंची थीं जहां उन्होंने वर्तमान सरकार पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा।

## कांग्रेस नेता कौस्तव बागची गिरफ्तार मुख्यमंत्री ममता के खिलाफ की थी टिप्पणी

**कोलकाता/जीनएस।** कोलकाता पुलिस के सूत्रों ने कहा कि पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के ऊपर ममता की टिप्पणी के काउंटर में बागची द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने के तुरंत बाद, शुक्रवार रात लगभग 10.30 बजे एक टीएमसी समर्थक द्वारा बागची के खिलाफ बर्टोला पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कोलकाता पुलिस मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कुछ टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता कौस्तव बागची को गिरफ्तार करने के लिए शनिवार तड़के करीब 3 बजे उनके घर पहुंची। कई घंटे हिरासत में बिताने के बाद शनिवार शाम को एक अदालत ने बागची को 1,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। कोलकाता पुलिस के सूत्रों ने कहा कि पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के ऊपर ममता की टिप्पणी के काउंटर में बागची द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने के तुरंत बाद, शुक्रवार रात लगभग 10.30 बजे एक टीएमसी समर्थक द्वारा बागची के खिलाफ बर्टोला पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## नागालैंड और मेघालय में 7 तो त्रिपुरा में 8 तारीख को होगा शपथ ग्रहण समारोह, प्रधानमंत्री मोदी होंगे शामिल

**त्रिपुरा/जीएनएस।** नगालैंड और मेघालय के चुनावी नतीजे आ गए हैं। 2 राज्यों में भाजपा गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल की जबकि मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति आई। हालांकि सत्तारूढ़ एनपीपी भाजपा जैसी कुछ पार्टियों का समर्थन लेकर सरकार बनाने जा रही है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इन सब के बीच बड़ी जानकारी दी है। हिमंता बिस्वा सरमा के मुताबिक त्रिपुरा में 8 तारीख को और नागालैंड तथा मेघालय में 7 तारीख को शपथ ग्रहण होगा। खबर तो यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीनों की राज्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। मोदी के अलावा कई केंद्रीय मंत्री और कुछ अन्य भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी इन समारोह में शामिल हो सकते हैं।



जानकारी के मुताबिक मेघालय में 7 मार्च को सुबह 11:00 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। मेघालय में कोनराड संगमा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह एनपीपी के अध्यक्ष भी हैं। वहीं, नागालैंड में उसी दिन 1:45 पर शपथ ग्रहण समारोह होगा। त्रिपुरा में 8 मार्च को 11:00 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। त्रिपुरा को लेकर हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि त्रिपुरा को बांटा नहीं जा सकता, मेरा विश्वास है कि त्रिपुरा की नई सरकार और भारत सरकार जनजातीय लोगों की शिकायतों का समाधान करेगी और ज़रूरत पड़ने पर टिपरा मोथा के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा कि समस्या का हल निकालने के लिए हम लोग बैठकर बात करेंगे उसमें कोई समस्या नहीं है।

त्रिपुरा में भाजपा-आईपीएफटी गठबंधन ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 33 सीट जीतकर लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की है। पूर्ववर्ती राजघराने के वंशज प्रद्योत किशोर देबबर्मा द्वारा गठित टिपरा मोठा पार्टी को 13 सीट मिलीं, जबकि वाम-कांग्रेस गठबंधन ने 14 सीट हासिल कीं। मेघालय में नेशनल पीपुल?स पार्टी 60 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के आंकड़े को नहीं छू सकी। इस बीच, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को फोन किया और नयी सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगा है।



# थांदला थाने में शांति समिति की बैठक हुई





**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** सामाजिक समरसता एकता से अपने अपने त्यौहार मनाए छोटी कांशी के नाम से मशहूर सिद्ध संत, महात्मा आचार्यो की नगरी में लोक-संस्कृति पर्व भगोरिया ,होली ,धुलेंडी मीलजुल कर शांति से मनावे- अनुविभागीय अधिकारी तरुण जैन 08 मार्च को नगर मे धुलेंडी रंगों का पर्व मनाया जाएगा।

स्थानीय प्रशासन की नगर व क्षैत्र वासियों से अपील 7 मार्च को भी ग्रामीण जन साप्ताहिक हाट-बाजार मे लोक संस्कृति पर्व भगोरिया में शिरकत करेंगे जीसमे जनप्रतिनिधि और आम जन लोक संस्कृति पर्व भगोरिया की गैर निकालेगे सभी आमजन से प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस एस डी ओ पी थाना प्रभारी ने अपील की भगोरिया होली धुलेंडी शालीनता व सद्भावना से मनावे।

स्थानीय थाना भवन पर आने वाले त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी तरुण जैन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रविन्द्र राठी थाना प्रभारी कैलाश चौहान तहसीलदार अनिल बघेल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में नगर के जनप्रतिनिधि गण मीडिया कर्मी सहित व्यापारी प्रमुख एवं आमजन मौजूद थे बैठक में भगोरिया उत्सव एवं होलिका दहन पर विशेष रुप से चर्चा की गई अनुविभागीय अधिकारी तरुण जैन ने होलीका दहन पर सभी की राय मांगी स्मरण रहे कि होलीका का दहन इस वर्ष दिनांक 06 व 07 मार्च को लेकर असमंजस की स्थिति निर्मित हो रही थी बैठक में सभी ने एकमत से निर्णय लिया कि होलिका दहन दोनों ही दिन में कभी भी कर सकते हैं किंतु धुलेंडी दिनांक 08 मार्च को ही मनाई जाएगी क्योंकि दिनांक 07 को नगर में भव्य स्तर पर भगोरिया उत्सव मनाया जाएगा इसलिए अगले दिवस नगर धूमधाम से धुलेंडी पर्व मनाएगा बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष पति मंडल महामंत्री सुनील पंडदा व्यापारी संघ अध्यक्ष अनिल भंसाली पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बंटी डामोर समस्त पार्षद गण नगर परिषद स्वास्थ्य अधिकारी गौरांक सिंह राठौर सहित नगर के समस्त समाज के वरिष्ठ नागरिक गण मौजूद थे।

## अज्ञात कारणों के चलते मकान में लगी आग नगदी व घर के सामान सहित जले सामान में लगभग एक लाख का हुआ नुकसान





**आलोट/राकेश चोहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर स्थित उप्परली टोली निवासी टीकम कुमावत के घर में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई जिससे घर के 2 कमरों में रखें सामान जिनमें 2 पंखे दो टीवी कूलर वायर के बंडल कपड़े बिस्तर सहित बर्तन लकड़ी का एक तख्त व दो दरवाजे आदि जलकर खाक हो गए वहीं नकदी भी ?20हजार जल गई टीकम कुमावत ने बताया अचानक लगी आग इतनी भयानक थी की छत की दीवारों की टाइल्स पटाखों की तरह आवाज करके टूटने लगी इस दौरान टीकम की सूझबूझ काम आई जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया किचन में रखी गैस की टंकी को टीकम द्वारा बाहर बाडे में रख दिया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया वही सूचना मिलते ही तत्काल पहुंची फायर लारी व पानी के टैंकरों से आग पर करीबन 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका वही मौके पर सूचना मिलते ही पटवारी देव जी चौहान द्वारा मकान में हुए नुकसान का मौका मुआयना किया गया साथ ही पटवारी ने बताया कि निरीक्षण किया गया है करीब एक लाख के नुकसान होने का फिलहाल अनुमान लगाया जा रहा है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ ने मनाया फागोत्सव

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ द्वारा बहादुर सागर तालाब के समीप स्थित जगदीश मंदिर में फागोत्सव मनाया गया जिसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की सभी मातृशक्ति क्षत्राणियों द्वारा फाग गीत गाए गए। फूलों और हर्बल गुलाल के द्वारा फाग खेला गया। सभी मातृशक्ति ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाऐं दी और आज बिरज में होली रे रसिया होली गीत और भजन गाकर बाल स्वरूप राधा कृष्ण के साथ ब्रज की होली का आनन्द लिया। श्रीमति सिंह और दृश्या सिंह जादौन को कृष्ण और राधा का प्रतीकात्मक बाल स्वरूप देकर उनके साथ फाग खेला गया। इस अवसर पर श्रीमती डॉ अर्चना राठौर अधिवक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती मनीषा राठौड़ जिला अध्यक्ष , श्रीमती शीतल जादौन जिला सचिव, श्रीमती हंसा झाला नगर अध्यक्ष, श्रीमती बीना गहलोत नगर उपाध्यक्ष , श्रीमती साक्षी पवार नगर सचिव, श्रीमती जयश्री पवार नगर कोषाध्यक्ष,श्रीमती पारस चौहान श्रीमती सपना पवार नगर सांस्कृतिक सचिव, श्रीमती सोनीका नगर जिला प्रमुख व्यापारी प्रकोष्ठ, सिंह श्रीमती मानसी पवार श्रीमती श्रीमती नीतू सिकरवार, आदि उपस्थित थे। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की महिलाओं के द्वारा जल है तो कल है और जल ही जीवन है



इस उक्ति को सार्थकता देने हेतु सभी नगर वासियों से अपील की गई कि होली का त्योहार सभी सूखे हर्बल गुलाल से खेले ताकि अतिरिक्त पानी ना बहे और सभी आपसी भाईचारे सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस रंगीन त्यौहार को मनाएं।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर नरेन्द्रनाथ पाण्डेय द्वारा गुलाना तहसील के ग्राम तिंगजपुर के निवासी 22 वर्षीय रामबाबु पिता दरियाव सिंह की मृत्यु कुए में गिरने से होने के कारण मृतक के वारिस परिजन पिता दरियावसिंह के लिए आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुभारंभ समारोह का सीधा प्रसारण

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 का शुभारंभ 05 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा किया जाएगा। भोपाल स्थित जंबूरी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण दोपहर 1 बजे से किया जायेगा।

## लाखो वाहन के ट्राफिक संभालना प्रशासन के लिए चुनौती

### 24 मार्च से शुरु हो रही है पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा



**बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बदनावर क्षेत्र में पहली बार अंतराष्टीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा का आयोजन कोटेश्वर में दिनांक 24 मार्च से प्रारम्भ होगी। पंड़ित मिश्रा की जहां भी कथा हो रही है वहा लाखों की संख्या में कथा श्रवण करने जनता पहुँचती है। ऐसा ही अनुमान कोटेश्वर में होने वाली शिवमहापुराण में होनक निश्चित है। रविवार 5 मार्च को कथा स्थल का भूमिपूजन कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में निमंत्रण दिया गया है। कथा स्थल कोटेश्वर राष्टीय राजमार्ग से 20 किलोमीटर दूर है। जिसमे अमोदिया, गजनोद, कोद मुख्य ग्राम से होते हुए कोटेश्वर पंहुचा जाएगा। प्रशासन के सामने सबसे बड़ी समस्या यातायात को लेकर है क्योकि कथा के दौरान लाखो की संख्या में वाहन आएंगे और राष्टीय राजमार्ग से कथा स्थल तक पहुंच मार्ग सिंगल रोड होने से इतने वाहनों से जाम लगना निश्चित हैं। आयोजक स्थल पर भी बड़े पैमाने पर पार्किंग की व्यवस्था करानी होगी एवं हजारो की संख्या में कर्मचारी एवं कार्यकर्तागण को भी व्यवस्था संभालनी होगी। साथ ही स्वास्थ्य सुविधा, पेयजल, फायर ब्रिगेड जैसी अति आवश्यक सुविधा के लिए प्रसाशन को चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

## मेले के समापन अवसर पर विशाल कांटा दंगल



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री बुद्धेश्वर व्यायामशाला व मंदिर समिति द्वारा आयोजित मेले के समापन अवसर पर विशाल कांटा दंगल का आयोजन मेला प्रांगण में किया गया। जिसमें विभिन्न स्थानों से आम करीब 70 पहलवानों ने भाग लेकर अपनी कुश्ती कला का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमे 26 विजेता पहलवानों को ईनाम मे गुर्ज, नगर राशि, उपविजेता पहलवानों को शील्ड व नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्मंयत्री राजेश अग्रवाल, , न.पा. अध्यक्ष अभय टोंग्या, मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक गेहलोत. मेला समिति अध्यक्ष हुकुम चन्द्र गेहलोत, डॉ भंवरलाल चौधरी ने हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया पश्चात अतिथियों ने अखाड़े का पूजन अर्चन कर दंगल प्रतियोगीता प्रारम्भ की। दगल की आकर्षक जोड़ अशोक प. आगर मालवा व गौरव यादव प. उज्जैन के बीच रही जिसमे अशोक प. आगर ने विजयश्री प्राप्त की। आयोजन में राजकुमार परिहार, राजेश राठौड़, सुरेश बाबू, पार्षद यादवेन्द्र यादव, विजेंद्र गोसर. कुशल गेहलोत, चांद खां, कैलाश प. मंडी, राजेंद्रसिंह पंवार, सुमित भाटी, शैलेन्द्र भारती की सराहनीय भूमिका रही। कुश्ती संचालन भरत भाटी प. ने किया । आभार मेला समिति सदस्य साकेत गामा ने माना।

## वार्डवासी मेरी ऊर्जा मेरी ताकत - पार्षद यादव

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मेरा वार्ड मेरा घर है और वार्डवासी मेरा परिवार। आप सभी वार्डवासियों ने जो स्नेह व आशीर्वाद दिया है। इसका जीवन पर्यंत ऋणी रहूगा। आप मेरी उर्जा मेरी ताकत है। यह बात नगर के बहुमुखी विकास की कड़ी में वार्ड क्रमांक 5 में स्थानीय तेजाजी चौक से लाल अखाड़ा तक के डामरीकरण व फुटपाथ पर सीमेंट कांक्रीटीकरण के भूमिपूजन अवसर पर वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए पार्षद यादवेंद्र यादव ने कही। प्रारंभ में वरिष्ठ वार्ड वासियों व पार्षद यादव का पुष्पमाला से वार्ड वासियों ने स्वागत किया । पश्चात विधिवत पूजन अर्चन कर गेती चलाकर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मिश्रीलाल राठौड़, पन्नालाल प्रजापत, चिकन सेठ, कृष्णचंद्र यादव, सुरेश राठौड़, अंकित दवे, प्रमोद शर्मा, सत्यनारायण सोमानी, शिवाजी पांचाल, राधेश्याम पंवार, ओम यादव महेश शुक्ला, महेश पांचाल, राधेश्याम राठौड़, तनु राठौड़, मनोज यादव, रणजीत राठौड़, बंसीलाल राठौड़, संतोष यादव, टोनी राठौड़, जितेन्द्र परमार, धीरज राठौड़, गौरव राठौड़, जयेश आचार्य, लियाकत छिपा, नारायण राठौड़ आदि उपस्थित थे । आभार वार्ड प्रभारी रवि यादव ने माना ।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को लेकर स्व-सहायता समूहों व बैंक सखियों को दिया गया प्रशिक्षण

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला कलेक्टर कैलाश वानखेड़े में निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री डी एस रणदा के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला पंचायत सभा कक्ष आगर में आजीविका मिशन के तहत कार्यरत स्व सहायता समूहों व बैंक सखियों को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की जानकारी, सर्वे, आवेदन की सम्पूर्ण प्रक्रिया,समस्या निराकरण, आदि विषय पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में अतिरिक्त सीईओ ज़िला पंचायत श्री जितेंद्र सिंह सेंगर व जिला प्रबंधक एन आर एल एम श्री हेमंत रामावत द्वारा दिया। इस दौरान आजीविका मिशन के अधिकारि व कर्मचारी व स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

प्रशिक्षण में बताया कि 05 मार्च से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना प्रारंभ होने के उपरान्त पात्र महिलाओं के आवेदन 25 मार्च से 30 अप्रैल 2023 तक प्राप्त किए जाएंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में सभी पात्र महिलाओं से आवेदन प्राप्त करने हेतु जिले के सभी गांवों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। आवेदन की सम्पूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क रहेगी तथा योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु स्व-घोषित प्रमाण पत्र मान्य होंगे, इसके लिए अलग से किसी प्रकार के प्रमाण पत्र बनवाना आवश्यक नहीं है। प्रशिक्षण में बताया गया कि किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करे।

योजना में 01 मई को पंजीकृत हितग्राहियों की सूची जारी की जाएगी तथा जिस पर 15 मई तक दावा आपत्ति किया जा सकता है एवम प्राप्त आपत्तियों का निराकरण 16 से 30 मई के मध्य किया जाएगा व 31 मई को अंतिम सूची जारी की जाएगी। लाडली बहना योजना में 10 जून 2023 से राशि का अंतरण पात्र महिलाओं के खाते में हो सकेगा।

इस योजना में मध्यप्रदेश की मूल निवासी विवाहित महिलाएं , जिनकी आयु 23 से 60 वर्ष हो वो पात्रता होगी। आयु के मध्य की विवाहित महिलाओं को लाभ की पात्रता होगी, योजना में विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिला भी सम्मिलित होगी। प्रत्येक पात्र महिला को उसकी पात्रता अवधि में 1000 रूपये प्रतिमाह के मान से राशि सीधे उसके आधार लिंक्ड बैंक खाते में जमा की जायेगी। किसी परिवार की 60 वर्ष से कम आयु की महिला को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में प्रतिमाह 1000 रूपये से कम जितनी राशि प्राप्त हो रही होगी, तो उस महिला को वह राशि प्रदाय कर 1000 रूपये तक राशि की पूर्ति करने का योजना में प्रावधान किया गया है। योजना में समस्त आवेदन निःशुल्क ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त हितग्राही यदि स्वयं उपस्थित होकर ÷आवेदन के लिए आवश्यक जानकारी का प्रपत्र÷ देती है तो उसकी भी प्रविष्टी ऑनलाइन पोर्टल पर करने की व्यवस्था की जाएगी।

योजना में आवेदन पोर्टल, मोबाईल ऐप के माध्यम से ऑनलाईन भरे जा सकेंगे। इस हेतु ऑनलाईन आवेदन करने हेतु आवेदिकाओ के द्वारा पूर्व से ही ÷ आवेदन हेतु आवश्यक जानकारी का प्रपत्र ÷ भरने की सुविधा होगी। उक्त प्रपत्र कैम्प, ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय, आंगनवाडी केन्द्र में उपलब्ध होगे। भरे प्रपत्र की प्रविष्टि कैम्प, ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय में नियत कैम्प प्रभारी द्वारा आनलाईन की जायेगी एवं सफलतापूर्वक दर्ज प्रत्येक आवेदन की प्रिंटेड पावती दी जावेगी। यह पावती एसएमस एवं व्हाट्सअप द्वारा भी हितग्राही को प्राप्त होगीं। उक्त प्रक्रिया में आंगनवाडी कार्यकर्ता सहयोग करेगी। ' आवेदन पत्र भरने की संपूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क होगी ।आवेदक महिला को स्वयं उपरोक्त स्थानो पर उपस्थित होना आवश्यक होगा ताकि उसका लाईव फोटो लिया जा सके एवं ई-केवायसी किया जा सके। इस हेतु महिला को परिवार की समग्र आई डी दस्तावेज, स्वयं की समग्र आईडी दस्तावेज, स्वयं का आधार कार्ड,स्वयं का बैंक खाता, जोकि स्वयं के आधार से लिंक्ड एवं डीबीटी सक्रिय हो।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में वे महिलाएँ अपात्र होंगी जिनके परिवार की सम्मिलित रूप से स्वघोषित वार्षिक आय 2.5 लाख से अधिक हो, जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता हो, जिनके परिवार का कोई सरकारी नोकरी यथा नियमित, स्थाईकर्मी, संविदाकर्मी के रूप में नियोजित हो अथवा सेवानिवृत्ति उपरान्त पेंशन प्राप्त कर रहा हो, जो स्वयं शासन की योजना में प्रतिमाह 1000 या उससे अधिक राशि प्राप्त कर रहा हो, जिनके परिवार का कोई सदस्य वर्तमान या भूतपूर्व सांसद या विधायक रहा हो, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चयनित, मनोनित, बोर्ड, निगम मण्डल, उपक्रम के अध्यक्ष, संचालक सदस्य हो, जिनके परिवार का कोई सदस्य स्थानीय निकायों में निर्वाचित जनप्रतिनिधि (पंच एवं उप सरपंच को छोड़कर) हो, जिनके परिवार के सदस्य के पास संयुक्त रूप से कुल पांच एकड़ से अधिक कृषि भूमि हो, जिनके परिवार के सदस्यों के नाम से पंजीकृत चार पहिया वाहन (ट्रेक्टर सहित) हो वे अपात्र होगी।

## जहर के सेवन करने से अचेत हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान रतलाम मेडिकल कॉलेज में हुई मौत



**आलोट/राकेश चोहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आलोट समीपस्थ गांव दूधिया में 50 वर्षीय व्यक्ति द्वारा अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया अचेत होने पर परिजनों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रतलाम में ले जाया गया जहां इलाज रहत दूधिया निवासी परे सिंह पिता रघुनाथ सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई जिसकी सूचना बेटे जितेंद्र सिंह पिता परेसिंह निवासी दूधिया द्वारा दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मौका मुआयना कर मर्ग कायम किया गया वही 174 जा फो एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है साथ ही शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा गया।

## बोरिंग मशीन पीछे लेते समय हादसा , पेशाब कर रहे बुजुर्ग पर चढ़ा टायर, मौके पर मौत




**सोयत कला/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शनिवार को सोयत थाना क्षेत्र के ग्राम रपट पारा गुराडिया गांव में एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ। जिसमें 61 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाराम पिता नारायण दागी उम्र 61 वर्ष निवासी गुराडिया रपट पारा अपने घर के अंदर बोर लगाने के लिए बोरिंग मशीन बुलाई थी। बोरिंग मशीन सेट करने के बाद बालाराम पेशाब करने के लिए मकान के पीछे गया तभी बोरिंग मशीन के सपोर्टर वाहन को पीछे लेने के वक्त बुजुर्ग कि टायर के नीचे आने से मौत हो गई ।थाना प्रभारी लक्ष्मण देवड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि बोरिंग मशीन के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर मशीन ज़ब्त कि है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर लाश परिजनों के सुपुर्द कि।

## हिंगलाज बहू मंडल ने मनाया फाग महोत्सव



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** फाग महोत्सव के अंतर्गत भावसार समाज हिंगलाज बहू मंडल द्वारा स्थानीय भावसार समाज धर्मशाला में रंग गुलाल उड़ाकर फाग महोत्सव मनाया । इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के भजनों की आकर्षक प्रस्तुति भी की गई साथ ही नृत्य कर फागुन की मस्ती में रम गए। इस अवसर पर मां हिंगलाज बहू मंडल व भावसार महिला मंडल की सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# सुंदराबाद में सामान्य ज्ञान के प्रश्न का जवाब देकर बच्चो ने जीते पुरस्कार

### सीएम के जन्मदिवस पर प्रस्फुटन समितियां करेगी विभिन्न आयोजन



**बडनगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बच्चों यह बताओ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री जी का क्या नाम है. बच्चों ने कहा शिवराज जी, कुछ ने मामाजी कह कर संबोधित किया। देश के प्रधानमंत्री का नाम पूछने पर सभी ने मोदीजी कहा। इस तरह सामान्य ज्ञान प्रश्न उत्तर ग्राम सुन्दराबाद में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के 5 मार्च को जन्मदिन के पूर्व दिवस पर शास. माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं से संवाद में हुए।बच्चों से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमति रेणुका श्रोत्रिय ने पूछा कि आप किस तहसील के निवासी है। बच्चों ने बड़नगर कह कर जवाब दिया, इस तरह के समान्य प्रश्न सभी से पूछे गए। जो जवाब बच्चों को नहीं आए तो तत्काल सही जवाब बताया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि अजय पंड्या सजग ने बच्चों से पूछा कि मुख्यमंत्री जी ने महिलाओं के लिए क्या घोषणा की है। बालिकाओं ने कहा अब हर माह रुपए मिलेंगे। कितने यह नहीं पता। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाली बालिकाओं को स्कूटी भी मिलेगी। बच्चों ने जिले का नाम भी सही बताया। प्रश्नों के सही जवाब देने वालो को तत्काल पुरस्कार स्वरूप पेन भेंट कर पुरस्कृत किया गया. विद्यालयीन छात्र छात्राओं में पुरस्कार पाने वाले बच्चो में वेदिका भाटी, बुलबुल गोयल, सुमित मकवाना, हर्षिता पंवार, नीलम भाटी, संध्या मकवाना, निर्मला पंवार, अर्चना चौहान काजल के नाम शामिल है. बच्चों में इस प्रकार की गतिविधि से खासा उत्त्साह का माहौल देखा गया। बच्चो ने इस अवसर पर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी। बच्चों को अवगत करवाया गया कि 5 को आपके मामाजी का जन्मदिन है। उसे अपने अनुसार मनाएं रंगोली बनाएं, पौधा लगाए या घर में मिठाई बनवाकर खाएं। इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष घनश्याम सिंह पंड्या, आंगनवाडी कार्यकर्ता रेखा भट्ट, सहायिका रानू परमार, शिक्षक सीताराम चौहान भी उपस्थित रहे. श्रीमती श्रोत्रिय ने बताया कि मुख्यमंत्री जी मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष भी है, इसलिए परिषद से जुडी सभी प्रस्फुटन समिति, नवांकुर समितियां आदि उनका जन्म दिवस गांव-गांव में सेवा कार्य के माध्यम से मनाएगी। इसके तहत स्वच्छता अभियान, पौधरोपण कर उसे बड़ा करने की जिम्मेदारी ली जाएगी। नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलवाई जाएगी.

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हेतु 11 मार्च तक आवेदन करें

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला आगर मालवा द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन 11 मार्च 2023 को दो निकायों में किया जा रहा है । आवेदक नगर पालिका आगर एवं नगर परिषद सोयत में संपर्क कर आवेदन ऑनलाइन दर्ज करवा सकते हैं। जिसके पश्चात जांच उपरांत उन्हें पात्रता अनुसार आयोजन में सम्मिलित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन संबंधी किसी भी जानकारी के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका एवं परिषद में,उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग भारती अवासिया से या शाखा प्रभारी निलेश झासिया से 9977028670 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# एक दिवसीय मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन






**झाबुआ /माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 4 मार्च-2023 समय प्रातः11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक स्थान न्यायालय परिसर झाबुआ में स्थित ए.डी.आर. सेंटर भवन में मध्यस्थ अधिवक्ता, अन्य अधिवक्ता एवं न्यायाधीशों के लिए एक दिवसीय मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ मोहम्मद सैय्यदुल अबरार के मार्गदर्शन एवं रिसोर्स पर्सन के रूप में मोहम्मद शमीम, इंदौर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय महोदय, न्यायाधीशगण, रिसोर्सपर्सन एवं अधिवक्तागण के द्वारा महात्मा गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ पश्चात् अतिथिगण एवं माननीय महोदय का स्वागत पुष्पहार से किया गया। शुभारंभ अवसर पर माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश मोहम्मद सैय्यदुल अबरार ने कहा कि ख्याति प्राप्त रिसोर्स पर्सन श्री मोहम्मद शमीम द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण से जो सीखकर जाऐ उसका उपयोग लोगों के प्रकरण निपटाने में सहायक होंगे।विवाद एवं परिवार-वाद जैसे मामले न्यायालय में आने के पहले मध्यस्थता के जरिए आसानी से निपटाए जा सकते है उन्होंने बताया कि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या ज्यादा बढ़ गई है। इससे कई विवादों से संबंधित प्रकरणों का समझौता या मध्यस्थता के जरिए किया जा सकता है। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन मोहम्मद शमीम ने कहा कि न्यायालयों में बढ़ते प्रकरणों की संख्या को देखते हुए ही मीडिऐशन के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण हेतु यह तंत्र तैयार किया गया हैं प्रशिक्षित मीडिऐटरों के द्वारा पक्षकारों के मध्य विवादों को समझकर उनका विश्लेषण कर आपसी समझाईस से प्रकरणों को निराकरण किये जाने का प्रयास किया जाता है इसलिए मीडिऐटर को समुचित प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। प्रशिक्षण के माध्यम से ही मीडिऐटर को दो पक्षकारों के मध्य किस प्रकार मध्यस्थता कराया जाना है। यह सिखाया जाता है ताकि वे प्रकरण को अच्छी तरह समझ कर सरलता से निराकरण करा सके। निश्चित रूप से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ अधिक से अधिक प्राप्त होगा और प्रशिक्षण लाभदायी सिद्ध होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी सागर अग्रवाल ने किया एवं आभार द्वितीय जिला न्यायाधीश भरत कुमार व्यास ने माना।शुभारंभ अवसर पर विशेष न्यायाधीश महेन्द्र सिंह तोमर, द्वितीय जिला न्यायाधीश भरत कुमार व्यास, मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट गौतम सिंह मरकाम, न्यायिक मजिस्टेट विजय पाल सिंह चौहान, रवि तंवर, सुश्री साक्षी मसीह, श्रीमतीपूनम सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी सागर अग्रवाल एवं मध्यस्थ अधिवक्ता एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

## सार समाचार

### पैदल यात्रीयों का आज नागदा मे बहुमान



**नागदा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज शनिवार को सुबह लाबरिया से श्री नागेश्वर तीर्थ पैदल यात्रा करते हुए रितेश कटारिया व सिद्धार्थ कटारिया खाचरौद से नागदा श्री शान्तीनाथ जिनालय जैन कालोनी में दर्शन वन्दन कर आरती का लाभ लिया। दोनो पैदल यात्री का श्री संघ , श्री राजेन्द्र सूरि जैन ज्ञान मन्दिर के अध्यक्ष ,सचिव व ट्रस्टीगण , अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् अध्यक्ष व जैन सोशल ग्रुप नागदा के अध्यक्ष , सचिव व सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर बहुमान किया गया। बहुमान कार्यक्रम मे श्रेणिक कुमार लोढा , केशरीमल जैन ब्रजेश बोहरा,दिनेश जैन,सुरेश नाहटा , दिलीप गादिया, मनोज वागरेचा, मनीष चपलोत, सौरभ नागदा,अंकुर जैन ,मनिष धाकड, मनोज जैन,चन्दशेखर नागदा आदि उपस्थित रहे बाद मे नवकारसी का लाभ सुरेश जैन परिवार ने लिया।रात्री विश्राम कमलेश नागदा के फार्मा हाऊस रूपेटा गांव मे रखा गया। 5 मार्च को महिदपुर रोड होते हुवे 6मार्च को श्री नागेश्वर तीर्थ पधारेगे।

### मुख्यमंत्री जन-कल्याण (संबल) योजना 2.0 के तहत 48 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र वितरित



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिका परिषद बड़नगर द्वारा मुख्यमंत्री जन-कल्याण (संबल) योजना 2.0 तथा मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत 27,310 श्रमिक परिवारों को 605 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता का सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वितरण किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर पालिका सभागार मे एल.ई.डी के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम मे नगर के 19 हितग्राहियों को संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह/दुर्घटना सहायता राशि 5 हितग्राहियों को 4 लाख रू. एवं 14 हितग्राहियो को 2 लाख रू. कुल 48 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता सतीश वर्मा, पार्षदगण विजयंत गोसर, अजहरउद्दीन , बहादुर बादशाह , अर्चित गोखरू , तरुण आचार्य, श्री राजेश परमार किसान मोर्चा अध्यक्ष, सतीश वर्मा के द्वारा प्रदान किये गये। कार्यक्रम मे उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं हितग्राहियों को नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 05.03.2023 को किया जा रहा है। कार्यक्रम मे उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री कमला कोल, उपयंत्री विनोद पोरवाल, वाहिद बेग, हेमंत सोनी, दीपक राठौर, शिवपाल अहिरवार, धर्मेन्द्र प्रजापत, आलोक शोभावत, रोहित कनेरिया आदि कर्मचारी गण उपस्थित थें। कार्यक्रम का आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा किया गया।

## होली रंग पंचमी पर्व को लेकर नगर के थाने पर शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**खाचरोद /मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन के महिदपुर रोड आगामी होली धुलेटी रंग पंचमी पर्व पर धार्मिक आयोजन को लेकर नगर के आरक्षी केंद्र पर नायब तहसीलदार जितेंद्र चौरसिया की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में नगर के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख सहित मेडिकल ऑफिसर अमित वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप व्यास सत्यनारायण पाटीदार व्यापारी महासंघ के राजेंद्र मंडोरा राजेश कांठेड़ प्रहलाद धारवे मांगीलाल सेठिया गोपालदास बैरागी बनवारीलाल शर्मा सरदार कुरैशी शफी मंसूरी पत्रकार दिनेश मंडोरा हल्का पटवारी भागीरथ चौहान सहित बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित ।

## कलेक्टर राणापुर के भगोरिया उत्सव में शामिल हुई

**ग्रामीणों में भगोरिया उत्सव के काफी उत्साह देखा गया**





**झाबुआ/माणक लाल जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, राणापुर के भगोरिया में शामिल हुए। यहां पर प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर तहसीलदार सुखदेव डावर, एसडीओपी सुश्री बबीता बामनिया, थाना प्रभारी सुरेन्द्र गाडरिया, थाना प्रभारी राणापुर संजय रावत, नायब तहसीलदार सुश्री बबली बर्डे, नायब तहसीलदार पलकेश परमार, प्रभारी पीआरओ सुधीर कुशवाह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी एवं बडी संख्या में पुलिस बल कानून सुरक्षा के लिए उपस्थित था। भगोरिया में बड़ी संख्या में झुले चकरी, एवं खाद्य एवं जनरल सामाग्री की बड़ी संख्या में दुकाने सजी थी। ग्रामीणों में भगोरिया उत्सव के काफी उत्साह देखा गया। राजनैतिक दलों के द्वारा अपनी गैर निकाली गई।

# संबल योजना के तहत 6 मृतकों के परिजनो को 14 लाख रुपए के स्वीकृति पत्र दिए

**नपाध्यक्ष यादव ने कहा मुख्यमंत्री की यह योजना परिवार को संबल देती है**



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यहां नगर परिषद कार्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना 2.0 के अंतर्गत कर्मकार कल्याण मंडल के सहायता राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

कार्यालय में नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव, अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, पार्षद भारती राठौड़, जितेंद्र शर्मा, अनीता डॉक्टर संतोष चौहान, झनू बाई शांतिलाल सीरवी, भगवंताबाई शंकरलाल राव, सुखराम देवदा, दीपक जाधव टेकरी, चेतन नागल, भेरूलाल डावर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनोज कुमार मौर्य की उपस्थिति में मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना 2.0 के अंतर्गत कर्मकार कल्याण मंडल के सहायता राशि के 6 चेक बांटे गए। जिसमे संबल योजना में पंजीकृत दिनेश पिता नंदकिशोर हारोड, सुरेंद्रसिंह पिता रामसिंह सोलंकी, मंजुला देवडा, शंकुबाई परमार व मुकेश पिता अंबाराम वार्ड 7 की सामान्य मृत्यु होने पर उनके परिजनों को दो दो लाख रुपए के सहायता राशि के स्वीकृति पत्र व विशाल पिता बद्रीलाल पांचाल की दुर्घटना में मौत होने पर उनके परिजन को 4 लाख रुपए सहायता राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

इस मौके पर नप अध्यक्ष यादव ने कहा कि गांव- गरीब किसान-युवा एवं महिलाओ को सीधा लाभ दिलाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका लाभ भी सभी को मिल रहा हैं। संबल योजना वास्तव में परिवार के लोगो के लिए संबल साबित होती है। इस योजना में सामान्य मृत्यु पर दो लाख व दुर्घटना से मृत्यु होने पर चार लाख की अनुग्रह राशि दी जाती है। यादव ने कहा कि पात्र व्यक्ति संबल योजना में अपना नाम जरूर जुड़ाए। इस मौके पर शासन की अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

बता दे कि शनिवार को रीवा के मउगंज में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने संबल योजना के 27 हजार 310 हितग्राहियों को कुल 605 करोड़ रुपए की सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से भेजी है। जिसमे बदनावर नगर के 6 हितग्राहियों के नाम शामिल थे।

## शांतिपूर्ण तरीके से हो रही नगर के शहीद मनोज सोनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा

**छात्रों ने कहा अंग्रेजी का पेपर अच्छा गया**



**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एक समय पूरे जिले में चर्चित रहने वाले नगर के शहीद मनोज सोनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अब शांतिपूर्वक कार्य योजना शिक्षा मंडल बोर्ड के अनुसार शांतिपूर्वक तरीके से परीक्षा का आयोजन केंद्र में चल रहा है जहां शनिवार को हायर सेकेंडरी स्कूल कक्षा बारहवीं की अंग्रेजी सब्जेक्ट का परीक्षार्थियों द्वारा प्रश्न पत्र हल कर परीक्षा दी गई जहां इस दौरान नगर के केंद्र पर हायर सेकेंडरी विद्यालय केवड़ाखेड़ी भेसरोद दोनों विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी सम्मिलित हुए जहां केंद्र पर केंद्र अध्यक्ष अब्दुल समद खान सहायक केंद्र अध्यक्ष राजेंद्र मंडलोई के द्वारा उक्त केंद्र पर परीक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार करवाई जा रही जहां अंग्रेजी प्रश्न पत्र में एक छात्रा अनुपस्थित रहे बाकी 216 छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर अंग्रेजी का प्रश्न पत्र का किया गया जहां छात्र शुभम मेवाड़ा छात्रा रितु मेवाड़ा पायल प्रजापति आदि ने बताया कि अंग्रेजी का प्रश्न पत्र काफी सरल अच्छा रहा जहां प्रश्नों को हल करने में कोई कठिनाई नहीं दिखी वही केंद्र अध्यक्ष खान ने बताया कि शांतिपूर्वक तरीके से हुई परीक्षा में उक्त संपूर्ण व्यवस्था के साथ शिक्षा बोर्ड के दिए अनुसार संपन्न हुई।

## मामला पुलिस थाना सलसलाई में हुई शांति समिति की बैठक का

**सलसलाई/किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण शांति व्यवस्था व भाईचारे के साथ कार्य करने वाली योजनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ कार्य कर एक दूसरे के सहायक से प्रत्येक त्यौहार शांतिपूर्वक किसी भी प्रकार की कोई घटना ना हो सामाजिक जनप्रतिनिधि अधिकारी सभी सहयोग के साथ निपटाए उक्त योजना का नगर की पुलिस थाने के जिम्मेदार अधिकारी खानापूर्ति कर अपना काम चलता रहे इस तरह से निपटा रहे आखिर क्या क्षेत्र के लोगों को गुमराह व अधिकारियों गुमराह करने का क्यों पुलिस प्रशासन कार्य कर रहा। मामला नगर के पुलिस थाने पर शुक्रवार को हुई शांति समिति की बैठक का जहां सूत्रों से जानकारी के अनुसार उक्त बैठक में नगर में लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण अन्य विकास कार्यो को लेकर काफी बहस बाजी थाना प्रभारी के साथ ही आपस में की गई पर उक्त बैठक में राजस्व विभाग के साथ ही विद्युत विभाग व अन्य किसी भी प्रकार का कोई विभाग मौजूद नहीं होने कारण उक्त बैठक पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों का कारण लापरवाही दिखाते हुए दिखाने योग्य बन गई इसी को लेकर विद्युत मंडल के कनिष्ठ यंत्री मनोज मालवीय ने बताया कि नगर के थाने पर होने वाली शांति समिति की बैठक कि मुझे जानकारी नहीं विद्युत विभाग में नहीं दी गई सूचना वहीं मामले में नायब तहसीलदार संदीप इनवे ने कहा कि मुझे शांति समिति की बैठक सलसलाई नगर व आसपास में होने वाली आगामी त्यौहार को लेकर इसी प्रकार की थाना व अन्य सूचना प्राप्त नहीं हुई वहीं पूर्व में हमने पूर्व गुलाना चौकी पर बैठक की थी जहां चर्चा हो गई थी अब क्यों नहीं बुलाया इसकी हम थाना प्रभारी से जानकारी प्राप्त करते हैं वही बैठक में अगर गौशाला हाट बाजार व अन्य अतिक्रमण को लेकर चर्चा हुई तो इसकी भी हम जानकारी उच्च अधिकारियों से चर्चा कर बैठक में नहीं बुलाने का कारण पहुंच कर बात करते हैं।

**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

**// जाहिर सूचना //**

उज्जैन विकास प्राधिकरण की श्री महाकाल वाणिज्यिक सह आवासीय योजना के अंतर्गत वाणिज्यिक सह आवासीय उपयोग के भूखण्ड/भवन क्रमांक सी-5/10 श्रेणी ईडब्ल्यूएस को लीज होल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को एतद् सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **श्री नरेन्द्र शर्मा पिता श्री नर्मदाप्रसाद शर्मा निवासी-सी-5/10 महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र उज्जैन (म.प्र.)** के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में सपरिर्वतन करने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखो में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा. उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन (म.प्र.) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियों जमा होने पर आवदेन तथा दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी।

तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
सम्पर्क- 0734-2511048, फैक्स - 0734-2511047

**// जाहिर सूचना //**

प्राधिकरण की ऋषिनगर योजना के अतंर्गत आवासीय उपयोग के भूखण्ड/भवन क्रं. एच-11/10 श्रेणी ईडब्ल्यूएस को लीज होल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **श्री क्षमाशील मिश्रा पिता श्री श्रीपति मिश्रा निवासी एच-11/10, ईडब्ल्यूएस ऋषिनगर उज्जैन म.प्र.** के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 7/2/2023 के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में सपरिर्वतन करने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखो में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा. उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन (म.प्र.) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियों जमा होने पर आवदेन तथा दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी।

तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

## 4 करोड़ 4 लाख 46 हजार आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास

**जिला पंचायत सदस्य अशोक डावर ने राशि स्वीकृत कराई**



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निप्र बदनावर के पश्चिम क्षेत्र आदिवासी बहुल ग्राम बोरदा में वर्षो से आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास संचालित हो रहा है जिसकी बिल्डिंग जर्जर चद्दर वाली थी जिससे छात्रावास में रहने वाले बच्चों को काफी असुविधा सहन करना पड़ती थी उस क्षेत्र से निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अशोक डावर ने सतत प्रयास कर जूनियर बालक छात्रावास नवीन भवन स्वीकृत करवाने में सफल जिसकी लागत 4 करोड़ 4 लाख 46 हजार रुपए हैं अशोक डाबर ने बताया कि वर्षो से क्षेत्र के ग्रामीणों एवं सरपंच द्वारा मांग की जा रही थी लेकिन पूर्व जनप्रतिनिधि यो ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दीया जबकि यह स्वीकृति काफी पहले हो जाती छात्रावास भवन की स्वीकृति मिलने पर अमर सिंह मुनिया पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी बदनावर पूर्व सरपंच सोहन वसुनिया पूर्व सरपंच देवराम मकवाना सरपंच रुकमा भाई एवं कैलाश मेडा सरपंच पन्नालाल डावर अध्यक्ष वन समिति तेला मेड़ा नंदराम डिंडोर भेरूलाल वसुनिया आनंदीलाल डिंडोर परमेश वसुनिया रमेश सरिया पड़ा सहित ग्रामीणों ने अशोक डाबर का आभार माना अगली मांग छायन केंद्र छात्रावास के लिए कर दी गई बहुत जल्दी ही उसकी भी स्वीकृति लाने की बात ।

# कांग्रेस की कमलनाथ सरकार में बदनावर नर्मदा माइक्रो लिफट सिंचाई योजना बनी थी

**»»इसी योजना के नाम पर भाजपा ने उपचुनाव में गांव गांव कलश यात्रा निकाल कर वोट मांगे थे »»बजट में भाजपा ने मात्र 50 हजार का प्रावधान कर योजना को पलीता लगाया »»101 गांव कि किसानों नर्मदा की तरफ ताकते रह गए**



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कांग्रेस की कमलनाथ सरकार द्वारा बदनावर एवम धार जिले के किसानों के हित में नर्मदा माइक्रो लिफट सिचांई योंजना बनायी गयी थी। इस योजना हेतु 1587 करोड की राशि स्वीकृत की जा कर टेंडर प्रक्रिया भी हो गयी थी। भाजपा सरकार ने उपचुनाव में इस योजना को अपने द्वारा बनायी गयी योजना बता कर गांव गांव कलश यात्रा निकाल कर नर्मदा का पानी बदनावर के 101 गांवों में पहुँचाने का वादा किया गया था। परंतु इस बार के बजट में मात्र 50 हजार रु की राशि का प्रावधान किया गया। तीन दिन पहले प्रस्तुत बजट में बदनावर नर्मदा योजना को भाजपा सरकार ने हासिये पर डाल दिया गया प्रतीत होता है।

इस योजना को लेकर कांगेंस निवृतमान जिलाध्यक्ष बालमुकुंदसिंह गौतम ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा कर उनके सवालों के जवाब दिए। गौतम ने बताया कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार द्वारा बदनावर माइक्रो लिफट सिंचाई योजना जिसकी लागत 1604 करोड स्वीकृत कर 17 फरवरी 2020 को टेंडर प्रक्रिया की गयी थी। इस योजना में जिले की 50 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की जाना प्रस्तावित था। जिसमें बदनावर तहसील के 101 गांव शामिल किए गए थे। तथा 40 हजार हेक्टेयर में सिचांई की जाना प्रस्तावित था। परंतु भाजपा सरकार ने इस योजना हेतु बजट में मात्र 50 हजार रु का प्रावधान कर इस योजना की हसीं उडाई गयी है। जबकि सीएम शिवराजसिंह चैहान एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा कोटेश्वर में इस योजना का भूमि पुजन किया गया था। तथा उपचुनाव में दतीगांव के लिए वोट मांगने के लिए गांव गांव कलश यात्रा निकाल कर नर्मदा का पानी बदनावर लाने की वादा कर बदनावर की जनता को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाने का काम किया गया था। नर्मदा का पानी लाने के नाम पर क्षेत्रवासियों के साथ छलावा किया गया। भाजपा विकास के नाम पर केवल घोशणा कर भुल जाती है। अब तक नर्मदा का एक लौटा पानी बदनावर न आया है नही भाजपा शासन में आने वाला है।

गौतम ने आगे कहा कि इस योजना को कांग्रेस ने स्वीकृत किया था। इस वर्श होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इस योजना को पुरा कर बदनावर के 101 गांवों में नर्मदा का पानी सिंचाई हेतु किसानों को मिलेगा। बालमुकुंदसिंह गौतम ने भाजपा सरकार को आढे हाथों लेते हुए बताया कि सीएम शिवराजसिंह चैहान अपने आप को किसान का बेटा बताते है। और उन्होने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। परंतु भाजपा शासन में किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई लागत अवश्य दोगुनी हो गयी। कांग्रेस के विधायक जितु पटवारी द्वारा गेंहु का भाव 3 हजार प्रति क्विंटल करने की मांग सदन में उठाने पर निलबन की कार्रवाई की गयी।पत्रकार वार्ता में कई मीडियाकर्मी एवं जिपं सदस्य अशोक डावर, घनश्यामसिंह डोडिया, चेतनसिंह राठोर, विनोद शर्मा, ईश्वरसिंह भाटबांमदा, हरिश मांगलिया, अतुल बाफना, महिपालसिंह पंवार, भेरुलाल वसुनिया, बाबुलाल भाटी, अजित गणावा, कचरु गुर्जर, लाखनसीह, गोविंदसीह,कृष्णा बेंगदा सहीत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।जानकारी कांग्रेस मिडिया प्रभारी महेश पाटीदार ने दी।

## सम्पादकीय

# सहमति-असहमति

### रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जी-20 देशों के बीच बदलने लगे परस्पर रिश्ते

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जी-20 देशों के बीच परस्पर रिश्ते बदलने शुरू हो गए थे। पिछले साल बाली में हुए इसके शिखर सम्मेलन में भी पश्चिमी देशों के विदेश मंत्रियों ने रूस की खुल कर आलोचना की थी। वह विरोध का स्वर अभी बना हुआ है। यही कारण है कि इस बार भारत में हुए विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में भी अमेरिका सहित पश्चिमी दुनिया के देशों और रूस-चीन के बीच विभाजन उभरा।भारत ने उनके बीच समन्वय बनाने का प्रयास किया, मगर उसमें सफलता नहीं मिल सकी। नतीजतन, जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों के इस सम्मेलन में साझा बयान जारी नहीं हो सका। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को चलते एक साल से अधिक समय हो गया। इस बीच दोनों देशों में से कोई भी किसी तरह का समझौता करने को तैयार नहीं दिखा। फिर अब तक जो जापान, कनाडा, आस्ट्रेलिया, फ्रांस आदि पश्चिमी देश तटस्थ बने हुए थे, वे अब खुल कर यूक्रेन के समर्थन में खड़े हो गए हैं।अमेरिका की अगुआई में उनका एक गुट सक्रिय हो गया है। उधर रूस के समर्थन में चीन खड़ा है। इस तरह दुनिया दो ध्रुवों में बंटती दिखने लगी है। हालांकि भारत समेत बाकी देश अब भी रूस और यूक्रेन में शांति बहाली के पक्षधर हैं।चूंकि इस साल जी-20 समूह की अध्यक्षता भारत कर रहा है, इसलिए उसकी तरफ सारी दुनिया देख रही है कि वह इस तनातनी को किस तरह सुलझाने का प्रयास करता है। हालांकि भारत शुरू से दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत करके युद्ध रोकने का प्रयास करता आया है, मगर उसका कोई असर नहीं दिखा। अब अमेरिका के खुल कर रूस के विरोध में उतर आने के बाद तनाव और बढ़ता गया है।

रूस ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि उसने दुनिया के तमाम देशों को सस्ते ऊर्जा स्त्रोतों को छोड़ने पर बाध्य किया। उधर अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया कि उसने दुनिया में खाद्य असुरक्षा पैदा की है। जी-20 समूह का गठन इसी मकसद से किया गया था कि ये देश आपस में मिल कर जलवायु परिवर्तन, नौकरियों और सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों, असमानता, कृषि, प्रवास, भ्रष्टाचार, आतंकवाद के वित्तपोषण, मादक पदार्थों की तस्करी, खाद्य सुरक्षा और पोषण, विघटनकारी प्रौद्योगिकियों जैसे मुद्दों को सुलझाने का प्रयास करेंगे। मगर पिछले एक साल से जिस तरह रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर इन देशों में मतभेद नजर आने लगा है, उसमें इस साल का शिखर सम्मेलन भी इसी पर केंद्रित होता नजर आ रहा है।भारत को इस बार के जी-20 शिखर सम्मेलन से बहुत सारी उम्मीदें हैं। इसे लेकर देश भर में करीब पचास बैठकें आयोजित की जाने वाली हैं और उनमें विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनाने की कोशिश की जा रही है, मगर विदेश मंत्रियों की बैठक में जिस तरह मतभेद उभरे, उससे कुछ आशंकाएं स्वाभाविक हैं।हालांकि इस बैठक में एक अच्छी बात यह हुई कि अमेरिकी विदेश मंत्री ने पहले घोषणा कर रखी थी कि वे रूस के विदेश मंत्री की तरफ देखेंगे भी नहीं, इस बैठक में दोनों ने दस मिनट तक बातचीत की। उधर भारत के विदेश मंत्री ने चीन के विदेश मंत्री को कुछ कड़े लहजे में सीमा से संबंधित सभी विवादों को सुलझाने को कहा। भारत इस मामले में अपनी रणनीति बदल रहा है और उम्मीद की जाती है कि शिखर सम्मेलन तक इस तनातनी के बीच कोई सकारात्मक नतीजा निकल कर आएगा।

## होली

*गीत फाग के गूंजेंगे, दिशाऐं*
*खनक उठेगी मीठी तानों से !*

*समय बरबाद न कर,*
*आ बैठ सोचें कैसे मनाऐं*
*होली का इंद्रधनुषी रंगों का*
*त्योहार, मनाऐंगे जोरशोर*
*से खुशियों के संग !*

*बीते बरस अपने को खोया,*
*झार-झार हमरा दिल रोया,*
*बीते सारे दिन गमगीन,*
*अपनों की बिछड़न में लीन !*

*होली अब खुशियों से भर देगी,*
*तरंग से तन रंग देगी, मन भिंगो*
*कर, झोलियां भर देगी, तब झूम*
*उठे और उठकर नाचेगा फागुन !*

*मनवा धमक-धमक गायेगा,*
*धरती चहक उठेगी, फुलों की*
*डालियां झूम और बगियां महक*
*उठेगी, कोयल चहक उठेगी !*

*गीत फाग के गूंजेंगे, दिशाऐं*
*खनक उठेगी मीठी तानों से,*
*युवा मन ढूंढ रहें साथी संग*
*मिल हंसीठिठोली जमाने में !*

**- नेहा ठाकुर नेह**

## सहजयोग द्वारा आरोग्य रूपी वास्तविक धनसंपदा की प्राप्ति होती है

**आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम्॥**
**अर्थात् निरोगी होना परम भाग्य है और अच्छे स्वास्थ्य से अन्य सभी कार्य सिद्ध होते हैं॥**



परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी प्रणित सहजयोग में साधक जब शुद्ध इच्छाशक्ति जागृत कर इच्छा करता है तो उसे ये पवित्रतम आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है। उसे अपनी पंच ज्ञानेन्द्रियों द्वारा अपने आत्मनिरीक्षण की दिव्य कला प्राप्त होती है। सहजयोग साधक को सबसे प्रथम चीज आरोग्य प्रदान करता है। संस्कृत में एक लोकोक्ति है %आरोग्यम धनसंपदा% अर्थात् निरोगी होना सबसे बड़ा सुख होता है। सहज योग ध्यान मे पारंगत होने पर हम अनेक बिमारियों से सहज ही निजात पा लेते हैं। हमारे शरीर में स्थित तीन प्रकार के तंत्रिका तंत्र, परानुकंपी ( parasympathetic nervous system ), अनुकंपी ( sympathetic nervous system ) तथा मध्य तंत्रिका तंत्र ( central nervous system ) तथा सात चक्रों पर आधारित है सहजयोग। ध्यान से जब हमारा मूलाधार चक्र यानि कि पेल्विक प्लेक्सस शुद्ध होकर पोषित होता तो हमें बद्धकोष्ठता, पाइल्स और प्रोस्टेट ग्रंथि से संबंधित सारी बिमारियों से निजात दिलाता है। द्वितीय चक्र स्वाधिष्ठान जब सहज योग ध्यान से पोषित होता है तो हमारी विचारधारा को नियंत्रित करता है, डायबिटीज़, दुःख - या चिंता देने वाले विचारों से छुटकारा दिलाकर हाई ब्लड प्रेशर जैसी बिमारियों से राहत दिलाता है। हमारे सभी चक्र शरीर के किसी न किसी अवयव से संबंधित हैं, इसलिये जब हम सहजयोग ध्यान करने लगते हैं तो हमें शारीरीक आरोग्य अनायास ही प्राप्त हो जाता है। हमारा सबसे महत्वपूर्ण चक्र है आज्ञा चक्र क्योंकि ये चक्र हमारे अहंकार को नियंत्रित करता है । हमें अगर शुद्ध आत्मज्ञान चाहिए तो हमें हमारे अहंकार व प्रतिअहंकार को परमात्मा के चरणों पर समर्पित करना होगा तब हमें आनंद के साम्राज्य में ले जाने वाला ये पवित्रतम आत्मज्ञान सहज ही प्राप्त हो जायेगा।

सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं - 1800 2700 800 बेवसाइट? - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल - लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06:30 बजे

# होली का बस यह एक उपाय मिटाएगा हर तरह की परेशानी...

### हर तरह की समस्या से निजात पाना है तो होली पर करें बस यह 1 उपाय...

**धर्म**



**पं. सतीश नागर**
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

होली का धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्व है। देश के लगभग प्रत्येक भाग में यह त्योहार मनाया जाता है। होली उत्साह और उमंग का प्रमुख पर्व है। वर्षभर में आने वाली त्रि-राशियों में से एक होली की रात्रि भी है जिसमें किए गए सभी धार्मिक अनुष्ठान, मंत्र, जाप, पाठ आदि सिद्ध, अक्षुण्ण हो जाते हैं जिनका फल जीवनपर्यंत कर्ता के प्राप्त होता है।

**बाधाओं को कैसे करें दूर** – इस होली की अग्नि में अपनी सभी शारीरिक, मानसिक व्याधि, किसी प्रकार की सफलता में रुकावट, आर्थिक कष्ट, अला-बला एवं सभी बाधाओं का नाश करने के लिए एक सरल एवं प्रभावकारी उपाय है जिसे कोई भी आसानी से कम खर्च में करके अपनी सभी बाधाओं को होली की अग्नि में भस्म करके जीवन को सुगम बना सकता है।

**कैसे करें यह उपाय**– इस प्रयोग को करते समय शुद्धता, पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। गोपनीयता इस प्रयोग की सफलता के लिए अति आवश्यक है। बिना किसी को भी बताए यह क्रिया करनी चाहिए।

**ऐसे करें उपाय** – इसके लिए होलिका दहन के पूर्व स्नान कर शुद्ध, स्वच्छ वस्त्र धारण कर एक श्रीफल अपने एवं परिवार के सदस्यों के ऊपर से 7 बार घड़ी की सुई की दिशा में उतारें। यदि किसी सदस्य को अधिक परेशानी है तो उनके लिए अलग से श्रीफल उतारें। अब अपने अभीष्ट देवता का ध्यान करके अपनी समस्या को उन्हें बताकर श्रीफल होलिका में डाल दें एवं होलिका की 7 प्रदक्षिणा करके परेशानी दूर करने की प्रार्थना करें एवं अपने एवं ?परिवार के लिए स्वास्थ्य, यश, दीर्घायु, धन, लाभ आदि की कामना करके हाथ जोड़कर प्रणाम करें तथा घर आकर अपने ईष्टदेव को प्रणाम करें तथा घर के सभी बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लें। भगवान को फल?, मिष्ठान्न आदि का यथाशक्ति भोग लगाकर स्वयं ग्रहण करें।

**उपाय करने वाला व्यक्ति क्या न करें –**

इस प्रयोग के कर्ता को उस दिन

किसी प्रकार का नशा या मांसाहार का प्रयोग नहीं करना चाहिए

**उपाय का प्रभाव**– इस प्रयोग के प्रभाव एवं भगवान की कृपा से सारी समस्याएं जो आपके जीवन में हैं, वह होली की अग्नि में स्वाहा हो जाएगी तथा आपका जीवन सरल, सुगम एवं समृद्धिशाली हो जाएगा।

पुराणों में एक प्रचलित कथा के अनुसार राजा हिरण्यकश्यप ईश्वर-विरोधी थे किंतु उनका पुत्र प्रहलाद ईश्वर का अनन्य भक्त था। पिता के मना करने पर भी वह भगवान में आस्था रखता था अत- उसे मरवाने के लिए राजा ने अपनी बहन होलिका को अपने पुत्र को गोद में लेकर जलती लकड़ियों पर बैठ प्रहलाद को भस्म करने के लिए कहा।

होलिका को देवताओं से वरदान मिला था कि वह आग से नहीं जल सकती, किंतु भगवान ने भक्त प्रहलाद की रक्षा की और गलत कार्य करने वाली होलिका अग्नि में जल गई। तब से प्रतिवर्ष होलिका दहन किया जाता है एवं एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रसन्नता व्यक्त की जाती है।

होली पर कर लें ये अचूक टोटके, रंगों की जगह होगी धन-वर्षा, एक झटके में बदलेगी किस्मत!

होली का त्योहार रंगों के अलावा तंत्र-मंत्र, उपाय और टोटकों के लिहाज से भी बहुत खास होता है. पूर्णिमा को होलिका दहन की रात किए गए कुछ खास टोटके-उपाय हर मनोकामना पूरी कर देते हैं. यदि आप भी अमीर बनना चाहते हैं तो ये उपाय करके मां लक्ष्मी को प्रसन्न करें और अपने जीवन में अपार सुख-समृद्धि ला सकते हैं.

### चांदी के छल्ले का उपाय

जिस स्थान पर होली जलाई जानी है, उसे साफ करके छोटा सा गड्ढा खोदें. फिर उसमें थोड़ी सी चांदी, पीतल और लोहा दबा दें. फिर विधि-विधान से होलिका दहन करें और जब राख ठंडी हो जाए तो धातुओं की पोटली बाहर निकालकर उससे अपने छल्ला बनवाकर शुक्रवार को मध्यमा उंगली में धारण करें. मां लक्ष्मी अपार धन देंगी.

### पान का उपाय

होलिका दहन के समय 7 बार उसकी परिक्रमा करें और हर बार एक पान का पत्ता होलिका में अर्पित करते जाएं. इस तरह पान के 7 पत्ते अर्पित करें. यह उपाय मां लक्ष्मी को प्रसन्न करेगा और आपको सुख-समृद्धि दिलाएगा.

### नारियल का उपाय

होलकिा दहन की अग्नि में नारियल अर्पित करें. साथ ही पान और सुपारी भी चढ़ाएं. इसके बाद 11 बार परिक्रमा करें. परिक्रमा करते समय मन में मां लक्ष्मी का ध्यान करते रहें. ऐसा करने से आपके घर में हमेशा मां लक्ष्मी का वास रहेगा.

### होली की राख का उपाय

होलिका दहन की अगली सुबह होली की राख को लाल कपड़े में बांधें साथ ही उसके स्फटिक श्रीयंत्र, चांदी के कुछ सिक्के और 5 पीली कौड़ी रख लें. फिर इस पोटली को अपने घर में तिजोरी या फिर धन के स्थान पर रख दें. इससे नौकरी और व्यापार में तेजी से तरक्की होती है और धन वृद्धि होती है.

### खीर का उपाय

होलिका दहन पूर्णिमा की रात में होता है. पूर्णिमा की रात मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए विशेष होता है. इस दिन केसर युक्त चावल की खीर बनाएं और उससे मां लक्ष्मी का भोग लगाएं. फिर अगली सुबह स्नान करने के बाद खीर का एक हिस्सा कन्या को खिलाएं और एक हिस्से में परिवार के सभी लोग प्रसाद ग्रहण करें और एक हिस्सा किसी जरूरतमंद को दान करें. फिर ऐसा हर शुक्रवार को करें. आप पर मां लक्ष्मी की जमकर कृपा होगी.

किसी भी जानकारी या मान्यता को अमल में लाने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से सलाह अवश्य लें.

**05 मार्च 2023, रविवार का दिन क्या लाया है 12 राशियों के लिए, जानिए आज के दैनिक राशिफल में...**

**मेष राशि**

**आज का भविष्य**– परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा। आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रहेगी।

**उपायऱआज मंदिर के प्रांगण में अनार का पेड़ लगाएँ। ससुराल पक्ष के साथ संबंधों में कटुता ना आने दे।**

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-लाल**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य** – धनागम होगा। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति के योग हैं। स्वाध्याय के महत्व को समझें। संतान को अपने कार्यों में सफलता मिल सकेगी।

**उपाय-आज हनुमानजी के साथ भगवान शिव की पूजा करें।**

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-हरा**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य** – स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। स्वार्थ एवं भोग की प्रवृत्ति के कारण अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं कर पाएँगे।

**उपाय-जातक आज किसी गरीब को दान दें।**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-पीला**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य** – शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। विवाद न करें। दु-खद समाचार मिल सकता है। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। शत्रु से सतर्क रहें। काम के प्रति लापरवाही न करें, किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**उपाय-जातक आज हनुमान जी को केसर के लड्डू जरूर चढ़ाएं**

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-हरा**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य** – प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। आर्थिक योजनाओं में धन का निवेश हो सकता है। पड़ोसियों से किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**उपाय-आज जातक चिड़िया को दाना पानी दे।**

**शुभ अंक-3**
**शुभ रंग-केसरिया**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य** – वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। थकान रहेगी। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करें। मित्रों की मदद से समस्या का समाधान हो सकेगा। समय का सदुपयोग होगा।

**उपाय-जातक आज महामृत्युंज मंत्र का जाप करें**

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-लाल**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य** – बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होने के योग हैं।

**उपाय-जातक आज सूर्य को जल दें।**

**शुभ अंक-8**
**शुभ रंग- लाल**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य** – फालतू खर्च होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है। कुसंगति से हानि होगी। अनसोचे कार्य होंगे। दांपत्य जीवन में मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक समस्याएँ सूझबूझ से निपटाएँ। कार्य में सहयोग मिलेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**उपाय-जातक आज सूर्य मंत्र का जाप करें**

**शुभ अंक-6**
**शुभ रंग-हरा**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य** – पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। व्यापारिक गोपनीयता भंग न करें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा। व्यापार की चिंता रहेगी। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा। आशानुरूप स्थिति बनेगी।

**उपाय-जातक मंदिरों की सफाई करें , भगवान की कृपा बरसेगी।**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-बैंगनी**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य** – नए अनुबंध हो सकते हैं। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ में कमी आ सकती है। उचित मार्गदर्शन लेना जरूरी होगा। प्रमाद न करें।

**उपाय-जातक शिव रुद्राष्टक का पाठ करें।**

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-भूरा**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य** – धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। यश, प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे। अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**उपाय-आज जातक रविवार का व्रत करें और मंदिर जाएं।**

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-सफेद**

मीन राशि

**आज का भविष्य** – चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम न लें। झंझटों में न पड़ें। आय में कमी होगी। व्यापार में लाभ होने के योग हैं। धार्मिक कामों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी से विवाद हो सकता है। अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य करें।

उपाय-आज भगवान शिव के साथ हनुमानजी की भी पूजा करें।

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-लाल**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

## महंगा हुआ सोना फिर भी पहने गेहना - जानते है डॉ. सुमित्राजी से इसके स्वास्थ सम्बन्धी फायदे

जेवेल्लरी स्त्रियों के सौन्दर्य को और भी निखार देता है फिर चाहे सोना कितना भी मेहेंगा हो जाये इसकी खरीदारी बढ़ती ही जाती है। सोचने वाले बात ये है की ज्वैलरी को ले कर फील गुड फैक्टर क्यों होता है? निश्चित रूप से, यह सौंदर्य की दृष्टि से आंखों को भाता है और किसी भी पोशाक को ऊंचा उठाने के लिए अद्भुत काम कर सकता है, लेकिन इसके अलावा भी बहुत कुछ है। सदियों से, दुनिया भर में विभिन्न संस्कृतियों ने आभूषणों की ज्योतिषीय और आध्यात्मिक शक्तियों में विश्वास किया है कि जब सही ढंग से पहना जाता है, तो यह शांति, सद्भाव और खुशी ला सकता है। जबकि हर कोई ज्योतिष में खरीदारी नहीं कर सकता है, जब वैज्ञानिक रूप से सिद्ध स्वास्थ्य लाभों की बात आती है जो कुछ प्रकार के आभूषण पहनने से आ सकते हैं तो इसका खंडन करने के लिए बहुत कम है।

आत्म अभिव्यक्ति का प्रतीक होने के अलावा, आभूषण पहनने से आपको सशक्तिकरण की भावना के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है। ज्योतिषीय और आध्यात्मिक लाभ वाले आभूषण पहनने से शांति और उपचार की भावना भी आती है। आभूषण डिजाइन में सबसे प्रमुख धातुओं में एक सोना है। शुद्ध सोने को एक विघ्नहर्ता के रूप में जाना जाता है और घावों और घावों की उपचार प्रक्रिया को तेज करने के लिए जाना जाता है। सोना शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में भी मददगार साबित हुआ है जो बदले में किसी की प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है। त्वचा की देखभाल से लेकर रक्त नियमन तक, सोना व्यापक रूप से आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है।चांदी एक रोगाणुरोधी एजेंट है, और चांदी और सोने के वर्मील हार, अंगूठियां और अन्य आभूषण पहनने से सर्दी और फ्लू जैसे सामान्य संक्रमणों से लड़ने में मदद मिलेगी। चांदी आंतरिक गर्मी नियमन और रक्त परिसंचरण में भी मदद कर सकती है।कॉपर में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होने का रिकॉर्ड साबित हुआ है, और जब इसे गहनों के रूप में पहना जाता है, तो यह दर्द और सूजन को कम करने में मदद कर सकता है।चूड़ियों और कंगनों में रक्त परिसंचरण को सुविधाजनक बनाने की अनूठी क्षमता होती है। विशेष रूप से सोने और चांदी की चूड़ियां पहनने वाले के लिए सद्भाव की भावना पैदा करते हुए, ऊर्जा प्रवाह को नियंत्रित करने में सक्षम होती हैं।

**नकली गहनों से हो जाये सावधान** -आभूषण पहनना सेहत के लिए हानिकारक भी हो सकते है। सामान्य तौर पर, आभूषण पहनना आपके स्वास्थ्य के लिए बुरा नहीं है। हालाँकि, उस सामग्री से एलर्जी हो सकती है जिससे कुछ आभूषण बनाए जाते हैं जो त्वचा के संपर्क में आने पर नुकसान पहुँचा सकते हैं। सस्ते धातु के गहनों में निकेल, कैडमियम और लेड की उच्च मात्रा हो सकती है - जो विशेष रूप से बच्चों के लिए जहरीला साबित हो सकता है।

गहनों में हार इतना महत्वपूर्ण क्यों है?

हार शायद गहनों के सबसे महत्वपूर्ण टुकड़ों में से एक है। शारीरिक रूप से हृदय के करीब होने के कारण, हार को हृदय क्षेत्र के चक्र को सक्रिय करने के लिए जाना जाता है। वे विभिन्न संस्कृतियों में कई औपचारिक उद्देश्यों की पूर्ति भी करते हैं।

**गहने क्यों पहने ?**

अलंकरण और फैशन के अलावा आभूषणों को धन और प्रतिष्ठा का प्रतीक माना गया है। यह न केवल औपचारिक उद्देश्यों को पूरा करता है बल्कि पहनने वाले को सशक्तिकरण और आत्मविश्वास की भावना भी देता है। सिद्ध स्वास्थ्य लाभों के अलावा, कई लोग आभूषणों को बहुत सारे ज्योतिषीय और आध्यात्मिक लाभों के लिए भी मानते हैं।

**डॉ सुमित्रा अग्रवाल**
**आर्टिफीसियल ऑय को , कोलकाता**
**यूट्यूब आर्टिफीसियल ऑय को**

## संजीव नी।

*फ़क़ीरों को भला किसका डर होगा,*
*है खुदा, तो भला किसका डर होगा।*
*खुशियाँ बांटिए तेजी से हैं बढती,*
*गमों का भला हम पर क्या असर होगा।*

*उसके लिए है हर पल आनंद ही आनंद*
*फसानों का भला उस पर क्या कहर होगा।*

*दो पल की माया है दौलत, शोहरत,*
*फकीरों के लिए यह तो जहर होगा।*
*खुशी और गम,सिक्के के दो पहलु,*
*सोचो गम न हो तो कैसा शहर होगा।*

*जिंदगी की जंग जीतेगा वहीं,*
*जो ईमान का हम सफ़र होगा।*

*आज जी ले,जोश जूनून के संग,*
*अगला पल,बेइंतहा बेहतर होगा।*
*कर ले उपवास ईश्वर के नाम,*
*ऊपर वाला ही तेरा रहबर होगा।*

***-संजीव ठाकुर***

# (चिंतन मनन) मानवता संवेदना के चक्षु खोलता साहित्य चिंतन मनन

### (अध्ययन में संवेदना का समावेश)

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर,



संजीव ठाकुर

जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। और साहित्य समाज में व्यक्ति की जिंदगी में अपनी परिकल्पना से आल्हाद,उमंग और आनंद भी देता है, जिसकी मानव अपनी जिंदगी सर्वश्रेष्ठ पलों की कामना करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। और उसी समाज विशेष की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के दायरे में उसकी रचनात्मकता परवान चढ़ती है। अतः जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान-प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा।

मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है,

# देवास जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत हुई कार्यवाही, खाद्य पदार्थो के नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को जांच के लिए भेजे

**दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ मे होने वाली मिलावट की रोकथाम के लिए जिले में अभियान लगातार जारी रहेगा**

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आदेशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत एवं होली के त्यौहार के अवसर पर आम जनता को मिलावट रहित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ प्राप्त हो इस के लिए जिला देवास में दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों मावा, पनीर, घी, दही एवं मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला देवास श्रीमती निर्मला सोमकुंवर , खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सुरेन्द्र ठाकुर द्वारा टीम के साथ श्याम डेरी एण्ड क्रीमरी तहसील चौराहा देवास से दूध का नमूना, जोधपुर स्वीट्स देवास से दूध कतली का नमूना एवं पटेल दूध डेरी उपाध्याय नगर देवास से घी का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गयें।

विभाग द्वारा देवास शहर में विक्रय होने वाले दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ व्यावसायियों की सघन जांच की गई। टीम द्वारा संजय मिल्क प्रोडक्ट प्रा.लि. दुर्गानगर सिया, देवास पर स्थित मिल्क कलेक्शन एवं चिलिंग सेंटर का निरीक्षण कर दूध एवं बटर के नमूने जांच हेतु लिये गये। कुमावत दूध डेरी जमना नगर मक्सी रोड़ देवास से घी एवं दही के नमूने जांच हेतु लिये गये। नवीन मिल्क




प्रोडक्ट्स वृंदावन नगर मक्सी रोड़ देवास पर निर्माण एवं विक्रय किये जा रहे खाद्य पदार्थ मावा एवं मिल्क केक के नमूने जांच हेतु लिये गये। गुलाब डेरी जमना नगर मक्सी रोड़ देवास से दूध एवं पनीर के नमूने लेकर जांच हेतु लिये गये।

तहसील कन्नौद में दूध डेरियों का निरीक्षण कर श्री कैलाश वास्केल खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जय किसान एग्रो प्रोडक्ट एस.आर. पेट्रोल पंप के सामने कन्नौद से दूध का नमूना एवं मेव दूध डेरी बायपास रोड़ कन्नौद से दूध के नमूने लिये गये। उपरोक्त सभी नमूनों राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को जांच हेतु भेजे गयें। नमूना जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगामी कार्यवाही की जावेगी।

होली के त्यौहार के अवसर पर प्रशासन द्वारा मिठाई विक्रेताओं से यह भी अपील की गई कि मिठाइयों में किसी भी प्रकार की नशीली वस्तु भांग इत्यादि मिलाकर विक्रय ना करें। दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ मे होने वाली मिलावट की रोकथाम हेतु सतत् अभियान जारी रहेगा।

## पार्थिव शिवलिंग रुद्राक्ष अभिषेक मैं भोरासा में महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव जमकर उड़ा रंग गुलाल



**भोरासा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में संस्था मां शारदा इंदौर के द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में भोरासा नगर में इस कार्यक्रम का 12 वा आयोजन नगर के छोटा हनुमान चौक में रखा गया था जहा सैकड़ों महिलाओं ने शामिल हो कर अपने हाथो से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया एवं मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से यहा 12 ज्योतिर्लिंगों का अभिषेक पंडित धनीराम जी तिवारी के द्वारा करवाया गया जिसमे आरती के पश्चात यहा फाग उत्सव मनाया गया जिसमे छोटे छोटे राधा कृष्ण के साथ नगर की महिलाओं ने होली खेल फाग उत्सव मनाया गुलाब के फूलो और रंग बिरंगे गुलाल से सभी ने एक दूसरे को रंग लगा कर बड़े उत्साह से इस कार्यक्रम को मनाया अंत में सभी का आभार संस्था के संयोजक प्रमोद कुमार द्विवेदी ने माना ।

## फ्लाइंग स्कॉट ने 12वीं की परीक्षा का निरीक्षण कर शासकीय मॉडल स्कूल बागली में दो नकल प्रकरण तथा पराग मेमोरियल कान्वेंट स्कूल सतवास में एक नकल प्रकरण बनाया

**देवास /दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले में 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा नियमित एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता द्वारा फ्लाइंग स्कॉट का गठन किया गया है। फ्लाइंग स्कॉट दल जिले में परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। नियुक्त फ्लाइंग स्कॉट द्वारा शासकीय मॉडल स्कूल बागली में संचालित हो रही 12वी की परीक्षा का निरीक्षण किया गया। परीक्षा में 2 दो नकल करते हुए परीक्षार्थियों के प्रकरण बनाये एवं पराग मेमोरियल कान्वेंट स्कूल सतवास में एक नकल का एक प्रकरण बनाया। जिसमें पर्यवेक्षक एवं केंद्र अध्यक्ष द्वारा द्वारा कार्यवाही की गई। फ्लाइंग स्कॉट में अनुविभागीय अधिकारी बागली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बागली, तहसीलदार बागली, नायब तहसीलदार बागली एवं पटवारी दल के साथ बागली के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## दर्जन अखबारों के माध्यम से सूचना मिली उसके बाद भी आखिर क्या कारण है कि नहीं हुआ मामला दर्ज

**मामला गुलाना तहसील मैं तहसीलदार के अवैध दस्तखत का**

**गुलाना/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर के आदेश की हो रही हवा हवाई में लिखित होने के बाद भी धज्जियां को लेकर शनिवार को कई अखबारों में के साथ ही समाचार प्रकाशित किए गए उसके बाद भी शनिवार को किसी भी राजस्व विभाग का जिम्मेदार अधिकारियों ने इस और किस कारण से आखिर ध्यान नहीं दिया। मामला नगर के तहसील मुख्यालय गुलाना का जहां पर फर्जी पट्टे वाले व्यक्ति के द्वारा फर्जी तरीके से हस्ताक्षर कर अपना पट्टा हासिल कर लिया जहां इसी को लेकर एसडीएम कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को शिकायत वह आदेश के साथ आवेदन प्राप्त हो चुके फिर भी जिम्मेदार राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को द्वारा इस ओर कोई कदम नहीं उठाना एक समाचार अखबारों में लगातार लगातार प्रकाशित होने के बाद चर्चा का विषय बना रहा जहां तहसील मुख्यालय पर पदस्थ वकील हरीश परमार व पूर्व रिटायर सैनिक सुनील परमार के विरुद्ध मामले को लेकर शिकायत प्राप्त हो चुकी है जहां इसको लेकर कलेक्टर दिनेश जैन के द्वारा विरुद्ध दोषियों को जांच कर शिकायत दर्ज कर मामला दर्ज करने का निर्देश दिए उसके बाद भी आखिर क्यों जिम्मेदार इनमें अखबारों के साथ कलेक्टर का आदेश प्राप्त हुआ फिर भी तहसील के तहसीलदार के फर्ज आसपास के बाद भी हस्ताक्षर को लेकर मामला दर्ज क्यों नहीं हो रहा यहां बना चर्चा का विषय।

**इनका कहना है**

कलेक्टर साहब का जो आदेश मेरे पास आया था वहां मैंने तहसीलदार को प्रेषित कर दिया है उन्हीं को आगे रहकर मामले में आदेश के अनुसार कार्रवाई करने का अधिकार है

**-रविंद्र नाथ पांडे एसडीएम शाजापुर**

## खाचरोद में किसानो की फसलो को नष्ट कर रहे घोड़ारोज परेशान किसानों ने किया तहसील का घेराव

**खाचरोद में नारेबाजी कर रैली निकाल कर अपनी समस्या का ज्ञापन दिया निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी**



**खाचरोद/मुरलीदास बैरागी/ दैनिक मालवा हैराल्ड।** उज्जैन के नागदा खाचरौद विधानसभा सहित सम्पूर्ण उज्जैन संभाग में घोड़ारोज किसानो के खेतो में घुसकर खड़ी फसलो को नुकसान पहुंचा रही है घोड़ारोज का झुण्ड किसानो के खेतो में घुसकर फसलो को चर जाते है और दौड़ लगाकर फसलो को पुरी तरीके से चौपट कर देते है इससे किसानो को आर्थिक नुकसान हो रहा है जब किसान इन्हें रोकने की कोशिश करते है तो घोड़ारोज उन पर हमला कर देते है साथ ही खेत से निकलकर सड़को पर दौड़ लगाने की वजह से दोपहिया व चार पहिया वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लेते है इससे कई लोग काल के गाल में समा गये है तथा कई लोग अपंग व विकलांग हो चुके है विकराल रूप धारण कर चुकी घोड़ारोज की समस्या को अतिशीघ्र सुलझाने के लिये किसानों ने तहसील परिसर के बाहर धरना दिया और अपनी समस्या से प्रशासन से अवगत कराया शीघ्र समाधान किया जाए अन्यथा कृषक हित में बड़ा आंदोलन किया जायेगा घोड़ारोज की वजह से खेतो में हो रहे नुकसान का मुआवजा दिया जाए घोड़ारोज की वजह से घायल व मृत हो चुके नागरिको को राहत राशि प्रदान की जाए खेतो में घूम रहे घोड़ारोज को गन इंजेक्शन के माध्यम से बेहोश कर घने जंगलो में छोड़ा जाए जैसी मांगों पर एसडीएम पुरुषोत्तम कुमार ने किसानों का ज्ञापन लेकर निराकरण का आश्वासन दिया।

## राजस्थान के भरतपुर जिले में हुए दो युवकों के साथ निर्मम पिटाई व जिंदा जला देने की घटना की निंदा कर भीम आर्मी ने विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**आलोट/राकेश चोहान पिंटू/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर स्थित तहसील परिसर में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी द्वारा राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी के नाम आलोट नायब तहसीलदार मुकेश सोनी को राजस्थान के भरतपुर जिले में वह दो युवकों की निर्मम पिटाई की निंदा करते हुए विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है आपको बता दें राजस्थान के भरतपुर जिले के नासिर एवं जुनेद की निर्मलता पूर्वक पिटाई कर जिंदा जला देने की घटना की निंदा करते हुए भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी द्वारा आलोट के प्रमुख मार्गो से नारेबाजी करते हुए




रैली निकाली गई वही तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार मुकेश सोनी को ज्ञापन सौंपा गया जिसके अंतर्गत निर्मम ता पूर्वक पिटाई व जिंदा जला देने की घटना को लेकर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने सहित मामले में सीबीआई जांच कराने एवं पीड़ित को उचित मुआवजा देकर राहत देने संबंधी आदि मांगों को लेकर भीम आर्मी आजाद पार्टी द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।

## जैन परंपरा में सर्वाधिक प्राचीन है 18 अभिषेक का महाविधान - श्रीवीररत्न सूरीश्वरजी मसा

**मनभावन प्रतिष्ठा के बाद गुरूदेवों का पावन प्रस्थान आज**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** परमात्मा के जन्मकल्याणक के समय पांच रूप धारणकर इन्द्र महाराजा प्रभु को मेरू पर्वत पर अभिषेक के लिए ले जाते हैं और उनका भक्तिभाव सहित विभिन्न औषधियों व केसर - चंदन से



अभिषेक करते हैं। जैन परंपरा में सबसे प्राचीन विधान 18 अभिषेक का महाविधान है। जिसे करने वाले पुण्यशाली के तन की अस्वस्थता, मन की अप्रसन्नता व जीवन की अशांति सब दूर हो जाती है।

यह बात मालव विभूषण आचार्यश्री वीररत्न सूरीश्वरजी महाराजा ने शनिवार को श्रीसिद्धाचल वीरमणी तीर्थधाम पर भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव के उपरांत आयोजित परमात्मा के 18 अभिषेक के महाविधान का महत्व बताते हुए कही। उन्होंने कहा कि हम जब परमात्मा के दर्शन करने जाएं तो मन से अहंकार, तिरस्कार और धिक्कार भाव के त्याग की कामना से परमात्मा के दर्शन करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

**गुरूदेव आज माकड़ोन के लिए करेंगे मंगल विहार**

समाज के मीडिया प्रभारी मंगल नाहर ने बताया कि नगर में श्रीसिद्धाचल वीरमणी तीर्थधाम पर आयोजित विराट प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न कर आचार्यश्री वीररत्न सूरीश्वरजी महाराज तथा श्री विजय पद्मभूषणरत्नजी आदि 23 साधु-साध्वीगण आज सुबह नगर से विहार कर माकड़ोन पहुंचेंगे।

## आज होगा भव्य फाग उत्सव का आयोजन, 8 को होंगे फूलडोल फाग के दर्शन

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री गोवर्धन नाथ जी हवेली में 5 मार्च रविवार को भव्य फ़ाग उत्सव का आयोजन होगा। हवेली के मुखिया मुकेश मेहता ने बताया कि 5 मार्च शाम 7 बजे से मंदिर में विशेष भव्य फूल फ़ाग रसिया का आयोजन होगा, जिसमें श्री राधा कृष्ण के रूप में इंदौर के कलाकारों द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। श्रद्धालुओं से वैष्णव जनो से फ़ाग उत्सव का लाभ लेने की अपील मंदिर के मुखिया ने की है। उन्होंने बताया कि मंदिर में 8 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक फूलडोल फ़ाग के दर्शन होंगे।

## तेज आंधी के साथ बरसे बादल, फसलों को हुआ नुकसान

**- सेमली, शुजालपुर और घटिया खुर्द में हुई तेज बारिश**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कभी सर्द तो कभी गर्म हो रहे मौसम के तेवर शनिवार को अचानक बदल गए और तेज बारिश हो गई। हालांकि एक दिन पूर्व मौसम विभाग ने संभावना जताई थी, लेकिन उम्मीद से ज्यादा हुई बारिश ने किसानों के लिए समस्या खड़ी कर दी है। जिले के सेमली, शुजालपुर सहित घटिया खुर्द में तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है।

शनिवार को सुबह से तो आसमान साफ था, लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम के मिजाज बदल गए और आसमान पर काले बादल छा गए। उम्मीद थी कि कुछ देर बाद आसमान साफ हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कुछ देर बाद तेज आंधी चलने लगी और बारिश शुरू हो गई जो करीब आधे घंटे तक जारी रही। इस बारिश से जहां मौसम में तो ठंडक घुल गई। लेकिन फसलों





को नुकसान पहुंचा है। हालांकि कितना नुकसान हुआ है इसका अभी आंकलन नहीं किया गया है।

**शुजालपुर में ओलावृष्टि, अकोदिया में आधे घंटे झमाझम हुई बारिश**

शनिवार को जिले में ओलावृष्टि भी हुई है। जानकारी के अनुसार शुजालपुर में ओलावृष्टि हुई है। दोपहर 3 बजे आसमान पर बादल छाने के बाद ओलावृष्टि शुरू हुई। इस दौरान चने के आकार के ओले गिरे। करीब 5 मीनिट तक ओलावृष्टि के बाद बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। वहीं कई किसानों की खड़ी फसले आड़ी हो गई। शुजालपुर से लगे अकोदिया में करीब 40 मीनिट तक तेज बारिश हुई है।

**आज व कल भी आंधी और बारिश की संभावना**

मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि शनिवार की तरह रविवार को भी तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस दौरान तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है तो कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है।

## परोपकार सम्राट आचार्यदेव श्री ऋषभचंद्र सूरीश्वरजी म.सा. की स्मृति में निर्मित सुरी ऋषभ आराधना भवन का उद्घघाटन समारोह सम्पन्न हुआ







**झाबुआ/माणक लाल जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रवचन दक्ष मुनिराज श्री रजतचंद्र विजयजी म.सा.के पावन सानिंध्य में मुंबई के उद्योगपती लोढ़ा ग्रुप के श्रीमती मंजू बेन मंगल प्रभातजी लोढ़ा के कर कमलों से लोकार्पण किया गया। सर्वप्रथम 52 जिनालय से श्री महावीर बाग स्मारक दिलीप गेट तक चल समारोह निकाला। इसमें ध्वजा लेकर रमेशजी बाठिया परिवार एवं नूतन चांदी की आंगी लेकर कमलेशजी कोठारी परिवार शामिल थे । महावीर बाग पहुंचकर देवदर्शन भक्ति के आयोजन किये गये । भवन के मुख्य द्वार पर शिलालेख पर वासक्षेप किया गया मंत्रोच्चार के बीच जयकारों के साथ फिता खोला गया। मंजूबेन लोढ़ा एवं अनिता बेन रविंद्रजी ओसवाल भरतजी सोलंकी, राकेशजी पुनमिया, दिलीपजी पुनमिया, हेमाबेन अजयजी सोलंकी, कपिल चंडालिया आदि अतिथि उपस्थित थे। श्री सिदाचल तीर्थ के पट्ट का अनावरण मुनिश्री की निश्रा में अनिताबेन मंजूबेन ने किया । सर्वप्रथम मुनिश्री के समक्ष अक्षत श्रीफल द्वारा गहूंलि लोढ़ा एवं ओसवाल परिवार ने की। मंगलाचरण पश्चात मुनिश्री ने अपने गुरुदेव को स्मरण पर कहा ये उपाश्रय भवन उनके श्री कमलों में समर्पित किया जा रहा है। मंजूबेन लोढा ने अपने उद्बबोधन में आचार्य देव श्री ऋषभचंद्र सुरीश्वरजी म.सा. के साथ बिताये बचपन से लगाकर अंतिम समय तक की सुनहरे पल याद कराये।उनके गुणों का स्मरण करते आंखें भर आई। श्रीमती मंजू बेन लोढा अनिताबेन एवं पधारे समस्त अतिथियों का स्वागत सत्कार ट्रस्ट एवं श्री संघ के पदाधिकारियों ने किया । सुरि ऋषभ होल के मुख्य लाभार्थी श्रीमती मंजूबेन मंगल प्रभातजी लोढ़ा का बहुमान हेमेन्द्र सूरी महिला मंडल व नवकार ग्रुप ने भी किया जितेंद्रजी बाबेल सुभाषजी कोठारी विनोदजी बाबेल सुरेंद्रजी बाबेल प्रकाशजी कटारिया अनीताबेन रविंद्रजी ओसवाल हेमा बेन सोलंकी राकेशजी पुनमिया आदि ने नविन भवन में सहयोग राशि भेंट की। सभी का संघ व ट्रस्ट मंडल ने स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सुरी राजेंद्र व ऋषभ गुरुजी प्रतिमा पर धुप दीप माल्यार्पण अतिथियों ने किया। संचालन संजय मेहता ने किया गुरुवंदन धर्मचंदजी मेहता ने कराया। स्वागत गीत रक्षा गादिया ने सुनाया। शानदार कार्यक्रम के साथ झाबुआ श्रीसंघ में सुंदर उपलब्धि भरा सुरी ऋषभ आराधना भवन समर्पित किया गया।

**कुक्षी जिला बनाओ प्रमुख आंदोलन करता सोमेश्वर पाटीदार की मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से दो विधानसभा क्षेत्र रीवा के पास मऊगंज जिला बन सकता हे तो तीन विधानसभा वाला क्षेत्र कुक्षी को जिला बनाने की मांग»»» 2 विधानसभा सीटों से मऊगंज जिला बन सकता है तो 3 विधानसभा सीटों से कुक्षी क्यों नही ?**

# बरसों से कुक्षी को जिला बनाने की मांग, बालीपुर आगमन पर मुख्यमंत्री करें कुक्षी जिले की घोषणा

**कुक्षी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने रीवा जिले के मऊगंज को प्रदेश का 53वां जिला बनाने की घोषणा की है।मऊगंज को 2 विधानसभा क्षेत्र से जिला बनाया गया है।प्रदेश के बड़े जिलों में शुमार धार से पृथक कर कुक्षी को भी जिला बनाने की मांग बरसों से चली आ रही है।कुक्षी जिला बनाओ आंदोलन÷ प्रमुख सोमेश्वर पाटीदार ने कहा कि, मऊगंज वासियों को बधाई एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह से विनम्रतापूर्वक अनुरोध है कि, वहां 2 विधानसभा क्षेत्र से मऊगंज को जिला बना सकते हो तो, धार जिले के कुक्षी को 3 विधानसभा क्षेत्र से जिला बनाने में विलंब क्यों ? राजनीतिक हानि लाभ छोड़कर क्षेत्र के जन-जन के विकास हेतु कुक्षी को जिला बनाने









की घोषणा कर स्थापित करें।आप कुक्षी को जिला बनाओगे तो निश्चित ही माँ गायत्री नर्मदा व जनता का आशीर्वाद मिलेगा।

पाटीदार ने कहा कि, दिनांक-6 मार्च 2023 को ब्रम्हलीन श्री श्री 1008 श्री गजानन जी महाराज की तपोस्थली वालीपुर में आप पधार रहें हो। प.पूज्य गुरुदेव गजानन जी महाराज आपको सद्बुध्दि दे कि, क्षेत्र के विकास हेतु कुक्षी को जिला बनाने की घोषणा करें।

कुक्षी जिला बनाओ आंदोलन निर्विकल्प कुक्षी को जिला बनाने हेतु दृढ़ संकल्पित है। अल वर्ष से साप्ताहिक सांकेतिक धरना प्रदर्शन प्रति रविवार जारी है, साथ ही 31 मई 2023 माँ गायत्री जयंती से आंदोलन प्रमुख सोमेश्वर पाटीदार अनिश्चितकालीन उपवास (आमरण अनशन) भी करेंगे, जिसका जिम्मेदार शासन-प्रशासन होगा।

## बाइक से आए नकाबपोशों ने टोल पर की तोड़फोड

**मक्सी पुलिस ने 3 बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रोजवास टोल पर बाइक से आए तीन नकाबपोशों ने लाठियों से तोड़फोड़ की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद बदमाश कुछ दूरी पर बाइक छोड़कर भाग गए। बाइक भी चोरी की बताई जा रही है। बदमाशों का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। टोल प्रबंधन ने मक्सी पुलिस में शिकायत की। मक्सी पुलिस ने अज्ञात तीन बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया।



मक्सी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रात में बाइक एमपी 37 एमआर-4181 से तीन नकाबपोशों बदमाशों ने रोजवास टोल पर हमला किया है। बाइक का यह नंबर परिवहन विभाग में संदीप फुलेरिया ग्राम टिटोड़ी के नाम से पंजीकृत है। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया इसे चोरी की बाइक मान रही है, जिसका नंबर बदलकर उपयोग किया गया है। बाइक के चेसिस नंबर और इंजन नंबर से जांच की जाएगी। पुलिस वाहन मालिक से भी पूछताछ करेगी। पुलिस ने इस मामले में तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जिनकी तलाश की जा रही है।

टोल पर क्यों किया हमला, पुलिस कर रही जांच- पुलिस इसी गुत्थी को सुलझाने में लगी है बदमाश बाइक से आकर क्यों तोड़फोड़ कर रहे हैं। अक्सर टोल पर फ्री में वाहन निकालने को लेकर विवाद होते हैं, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं लग रहा है। बदमाशों की नीयत टोल पर लूटपाट की तो नहीं थी। बदमाशों ने स्थानीय व्यक्ति के बाइक के नंबरों का उपयोग किया। पुलिस बदमाश भी स्थानीय मान रही है। पुलिस ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## कलेक्टर चलाएंगे विशेष अभियान

**- आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने जारी किए निर्देश**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के जिले में मिलावटी, नकली दूध और मिलावटी, नकली दूध से बने मावा, पनीर आदि दुग्ध उत्पादों का निर्माण, संग्रह और विक्रय करने वाले कारोबारियों के विरूद्ध विशेष अभियान संचालित कर कार्रवाई करने के लिए राज्य शासन द्वारा निर्देश दिये गये हैं। आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ. सुदाम खाड़े ने दिए हैं कि नकली, मिलावटी दूध और इससे से बने अन्य दुग्ध उत्पादों की रोकथाम के लिए सभी जिला कलेक्टर विशेष अभियान चलाएं। जिसके चलते कलेक्टर दिनेश जैन ने इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. आर. निदारिया को निर्देश दिये हैं कि वे अधीनस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के माध्यम से अभियान तत्काल शुरू करें और रिपोर्ट दें। अभियान की समीक्षा प्रति सोमवार टीएल बैठक में की जायेगी।

# पिपलियापाल में बिजली ट्रांसफॉर्मर उतारे:विधायक को फोन लगाया तो बोले- ले जाएंगे, 50 परसेंट से कुछ नहीं होता, ऊपर से है आदेश





**सारंगपुर/हेमन्त कुमाफ शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सारंगपुर के समीप पिपलिया पाल गांव के चारों बिजली के ट्रांसफार्मर बिजली कंपनी के कर्मचारी उतार ले गए। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक से बात की तो विधायक ने कहा कि बिल जमा करो। इसके जवाब में ग्रामीणों ने कहा कि 50 परसेंट जमा है तो विधायक बोले 50 परसेंट मे कुछ नहीं होता, वे ले जाएंगे ऊपर से दबाव है।

शनिवार को पिपलिया पाल गांव में एमपीबी पाडलिया माता ग्रीड के कर्मचारी अटल ज्योति के चार ट्रांसफार्मर पुलिस की मौजूदगी में उतारकर एमपीबी की गाड़ी में रखकर साथ में ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि 50 प्रतिशत लोगों के बिल जमा है। अभी किसान की फसल निकलने में देरी है बाकी बिल कहां से जमा करें परीक्षा का समय हैं। जबकि विद्युत मंडल के सारंगपुर अधिकारी अरविंद रानोलिया का कहना है कि मात्र 6 लोगों के बिल जमा है।

इस विषय में ग्रामीण युवक अमरीश पाल ने विधायक कुंवर कोठार को फोन लगाया और कहा कि बिजली कंपनी वाले अटल ज्योति की डीपी उतारकर ले जा रहे हैं। जबकि हमारे बिल जमा है, विधायक ने पूछा कितने जमा है? तो अमरीश ने बताया कि लगभग 50 प्रतिशत बिल जमा है और अभी परीक्षा का समय है। जवाब में विधायक कोठार ने फोन पर कहा कि डीपी तो ले जाएंगे पूरे बिल जमा करो। 50 परसेंट से कुछ नहीं होता, ऊपर से आदेश है।

वहीं, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वर्दी धारी गार्डों के साथ आए पाडल्या माता स्टेशन के जेई मनोज मालवीय और एई अरविंद रानोलिया को ग्रामीणों ने मौके पर 25 हजार एकत्रित कर दिए लेकिन उन्होंने राशि लेने से मना कर दिया और कहा कि अभी तो ले जाएंगे। आप यह राशि ऑफिस में आकर जमा करो फिर डीपी लगा देंगे। कांग्रेस नेता मोहनसिंह पाल ने बताया कि बच्चों की परीक्षाएं चल रही है। इस दौरान विधायक के निर्देश पर बिजली के ट्रांसफॉर्मर ही उतारकर ले जाना अच्छी नीति नहीं है।

# वेलकम युवा एकता मंच द्वारा पचौर से खुजनेर खाटूधाम तक निकाली निशान यात्रा



**पचौर/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वेलकम युवा एकता मंच जेडी मार्केट पचोर के द्वारा मंडी प्रांगण स्थित मां अन्नपूर्णा के मंदिर से मालवा के खाटू धाम खुजनेर तक मंच के सभी सदस्यों एवं नागरिकगणों द्वारा निशान यात्रा निकाली गई यात्रा अन्नपूर्णा मंदिर से प्रारंभ हुई श्याम प्रेमी भक्तगणो की ऐसी श्रद्धा व विश्वास है कि अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर खाटू श्याम मंदिर में निशान चढ़ाते हैं भगवान खाटू श्याम मनोकामना पूर्ण करते हैं इसके बाद लोग निशान यात्रा के माध्यम से भगवान का आशीर्वाद लेने पहुंचते है मंच के अध्यक्ष सुनील कुमार नागर ने बताया कि हम मंच के सभी सदस्यों द्वारा पिछले दो साल से यात्रा निकाली जा रही है और जब तक बाबा श्याम का आशीर्वाद रहेगा तब तक निशान यात्रा निकालते रहेंगे यात्रा में समिति के सदस्य व आमनागरिक शामिल रहे अनिल विश्वकर्मा, सुनील नागर,दीपक सोनी, मुकेश मेघवाल दिनेश सोलंकी सुनील विश्वकर्मा भूपेंद्र सिंह ठाकुर, राहुल चौहान राघव गेहलोत हर्ष जायसवाल अंकित चावला सतीश चौरसिया फूलसिंह योगेंद्र परमार रवि बना सम्मलित रहे।

# शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन का समापन




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन में दो दिवसीय सम्मेलन का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, उज्जैन संभाग, प्रो. अर्पण अर्पण भारद्वाज थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वी.के. गुप्ता ने की। कार्यक्रम के समापन सत्र की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर की गई। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत महाविद्यालयीन परिवार एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रो. ब्रजेश पारे द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. अर्पण भारद्वाज ने विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवाओं के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा कोरोना के समय महाविद्यालय के छात्रों द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की गई। प्रो. वी.के. गुप्ता, प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी दिन प्रतिदिन नई बुलन्दियों को छू रहे है। उन्होंने छात्रों की उपलब्धियों के लिए बधाई प्रेषित की।

इस अवसर पर प्रो. कल्पना सिंह, आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी द्वारा महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया। स्नेह सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधिया आयोजित की गई जिसके अन्तर्गत नाटक, विचित्र वेषभूषा, गायन, वादन, रंगोली, नेल आट सलाद सज्जा प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। कार्यक्रम के समापन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा महाविद्यालय के प्रावीण्य सूची में शामिल विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. दीपेन्द्र सिंह रघुवंशी के साथ छात्राएँ विजया जोशी एवं श्रुति परमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार कार्यक्रम संयोजक प्रो. आर.के. नीमा ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं पूर्व विद्यार्थी एवं अध्ययनरत् विद्यार्थी उपलब्ध थे।

# व्यापारी के साथ 13.30 लाख की धोखाधड़ी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। वन प्लस मोबाइल की डीलरशिप का झांसा देकर व्यापारी के साथ 13.30 लाख की धोखाधड़ी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है।**

बडनगर टीआई मनीष मिश्र ने बताया कि गेंदा बावड़ी में रहने वाला सुशील कुमार पिता शंकरलाल 48 वर्ष क्षेत्र में तेल-साबुन की एजेंसी संचालित करता है। 21 दिसंबर 2022 को उसके पास कॉल आया और बताया गया कि वन प्लस मोबाइल के हेड ऑफिस बैंगलूर से बोल रहे है। बडनगर में आपको मोबाइल की डीलरशिप दी जा सकती है। कॉल करने वाले ने डीलरशिप को लेकर ईमेल और वाट्सएप भी किया। तहसील में वन प्लस मोबाइल की एजेंसी मिलने पर सुशील कुमार ने रजामंदी भर दी। उससे रजिस्ट्रेशन के नाम पर कुछ दिनों के अंतराल में 13 लाख 30 हजार 200 रुपये जमा करा लिये गये। उसके बाद संपर्क करना बंद कर दिया। मोबाइल की डीलरशिप नहीं मिलने पर अपने आपको ठगा महसूस कर मामले की शिकायत थाने पहुंचकर की गई। मामले में जांच के बाद धोखाधड़ी की धारा 420, अमानत में खयानत की धारा 406 और 34 में प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार जिस खाते में पैसे गये है वह 2 खाते कोलकता के होना सामने आया है, जिससे पैसा एटीएम के माध्यम से जामतारा में निकाला गया है। जिससे प्रतीत हो रहा है कि ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले काफी शातिर बदमाश है। अब तक सामने आए साक्ष्यों के आधार पर एक टीम बैंगलूर और कोलकता भेजी जा सकती है।

# कुआं खुदाई के दौरान क्रेन टूटने से हादसा हो गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कुआं खुदाई के दौरान मिट्टी निकालते समय क्रेन टूटने से हादसा हो गया। एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हुआ था जिसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गुलाबखेड़ी में लक्ष्मण सिंह राजपूत के खेत में कुआं खुदाई का कार्य चल रहा था। 40 फीट गहरे कुए से मिट्टी निकालने के लिए लिफ्ट नुमा क्रेन लगाई गई थी। जिसके माध्यम से मजदूर ईश्वर पिता करण सिंह नीचे उतर रहा था उसी दौरान पट्टा टूटने से गहराई में जा गिरा। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर उसे साथी मजदूरों ने बाहर निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है मामले की जांच की जा रही है। लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

# बोर्ड परीक्षा केंद्राध्यक्ष त्रिपाठी के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर शिक्षकों ने दिया ज्ञापन



**तलेन/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वर्तमान में चल रही बोर्ड परीक्षा के केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन के केंद्राध्यक्ष त्रिपाठी के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर नगर तलेन क्षेत्र के शिक्षकों द्वारा एक ज्ञापन शनिवार को जिलाधीश राजगढ़ के नाम ठप्पा कार्यालय में नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि बीते गुरुवार को केंद्र पर हुई परीक्षा के दौरान शिक्षक संजय सक्सेना, गोरी लाल यादव , शिक्षिका श्रीमती देव बाई भारती को केंद्राध्यक्ष त्रिपाठी द्वारा समस्त शिक्षकों के सामने बेइज्जत किया व डांटा जिसके कारण शिक्षक अपने आप को अपमानित महसूस कर रहे हैं। इस संबंध में केंद्राध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को भी एक आवेदन दिया गया था परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई। अपितु हमारे विरुद्ध परीक्षा में ड्यूटी नहीं करने का आरोप लगाकर कार्रवाई करने की धमकी दी जा रही है। जबकि हम सभी परीक्षा में ड्यूटी करने को तैयार है। श्री त्रिपाठी द्वारा की गई गलती को स्वीकार ना करने और हमारे विरुद्ध कार्यवाही करवाने बोर्ड परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य की गंभीरता के प्रति लापरवाही है। श्रीमान जिलाधीश महोदय केंद्राध्यक्ष त्रिपाठी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएं। इस मौके पर कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# मदिरा दुकानों का नवीनीकरण लॉटरी के माध्यम से निष्पादन 6 मार्च से

**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वर्ष 2023-24 के लिये 1 अप्रैल 23 से 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिये संचालित मंदसौर जिले की 80 कम्पोजिट मदिरा दुकानों(जो 28 एकल समूहों में से 23 के रूप में संचालित है) का निष्पादन के लिए नवीनीकरण के आवेदन 6 मार्च 2023 को प्रातः 10 बजे से 9 मार्च 23 को अपरान्ह 5.30 बजे तक कर सकते है।

# कोतवाली पुलिस ने पकड़ी 2 किलो 750 ग्राम अफीम, राजस्थान के बिकानेर निवासी युवक धराया

**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोतवाली पुलिस ने राजस्थान के एक आरोपी के कब्जे से 2 किलो 750 ग्राम अफीम जब्त की है। जिसकी कीमती 5 लाख रूपये है। आरोपी से एक विवो कंपनी का एन्ड्रोईड मोबाईल कीमती 5 हजार रुपये जब्त किया गया। आरोपी का नाम रामचन्द्र खीचड़ है, जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार को उनि भारत भाबर को मुखबीर सुचना मिली। जिस पर कार्यवाही कर नाका नंबर 10 महू-नीमच रोड़ पर से एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुए कार्रवाई की गई। यहां से आरोपी रामचन्द्र खीचड़ पिता हरिकिशन विश्नोई उम्र 40 साल निवासी जयसिंह देसर मगरा थाना पाचुना जिला बिकानेर राजस्थान के कब्जे वाले बेग की तलाशी ली गई। जिसमें 2 किलो 750 ग्राम अफीम मिली। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत प्रकरण दर्ज कर अफीम खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### आज नाहर सैय्यद मेला में सूफियाना कव्वाली का कार्यक्रम होगा

**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नाहर सैयद मेले में रविवार रात्रि 8 बजे हजरत नाहर सैय्यद दरगाह परिसर में सूफियाना कव्वाली का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में नदीम वारसी कव्वाल एण्ड पार्टी जयपुर व वफा फारूख हाशमी कव्वाल एण्ड पार्टी मंदसौर अपनी सुफियाना कव्वाली की प्रस्तुति देंगे।

# बाईक से परीक्षा केंद्र जा रहे छात्र का रास्ते में निर्माणाधीन मार्ग संतुलन बिगड़ जाने से हादसा हो गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शनिवार को कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा का दूसरा पेपर था। बाइक से छात्र सुबह परीक्षा केंद्र जा रहे थे रास्ते में निर्माणाधीन मार्ग पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया। एक छात्र गंभीर घायल हुआ है।तराना के सूरजपुर में रहने वाला हिमेश पिता भेरूलाल चौहान 21 वर्ष और अर्जुन पिता नारायण कक्षा बारहवीं के छात्र हैं। आज बोर्ड परीक्षा का दूसरा पेपर होने पर दोनों बाइक पर सवार होकर तराना स्थित परीक्षा केंद्र जा रहे थे। सूरजपुर मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है जहां से गुजरते समय उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों सड़क हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना में हिमेश को सिर में गंभीर चोट लगी है दोनों को उपचार के लिए लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए थे।

# 4 साल पहले शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय ने10 साल की सजा सुनाई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 4 साल पहले शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय में सुनवाई पूरी होने पर आरोपों का दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई है।

उप-संचालक अभियोजन डॉ. साकेत व्यास ने बताया कि पीडिता ने 28 फरवरी2018 को थाना तुकोगंज जिला इंदौर में अपनी मां के साथ आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बचपन से ही अपनी नानी के घर इंदौर मे रहकर पढाई कर रही है। 2017 में आशु से जानपहचान हुई थी और धीरे-धीरे दोनो की बातचीत आगे बढने लगी। आशु ने 2017 में शादी के लिये प्रपोज किया और मैने हां कर दी और हमारी बाते होती रहती थी एवं बाद में शादी करने से मना कर दिया। आशु ने शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ जबरजस्ती गलत काम किया एवं बात करना बंद कर दिया। इस पर थाना नागदा के अपराध क्रमांक 192/18 धारा 376 भादवि में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई एवं अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया। 4 साल चली सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश वंदना राज पाण्डेय, अपर सत्र न्यायाधीश महोदय नागदा ने फैसला सुनाते हुए आरोपी आशीष उर्फ आशु पिता हेमराज, 25 वर्ष, निवासी चंबल सागर कॉलोनी, नागदा, जिला-उज्जैन को धारा 376(1) भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास से दंडित किया गया। प्रकरण में पैरवी विनोद व्यास, अपर लोक अभियोजक, तहसील नागदा जिला उज्जैन द्वारा की गई।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने चार संस्थानों से लिये सेम्पल



**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए नगर के चार संस्थानों से गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बीएस जामोद ने बताया कि शनिवार को निरीक्षण के दौरान सांवलिया दूध डेयरी बुगलिया मंदसौर से दूध, डियर दूध डेयरी रेवाद देवडा मंदसौर से दूध,मस्त बहार कचौरी समौसा महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड और बीकानेर स्वीट्स बीपीएल चौराहा मंदसौर से सोयाबीन तेल के नमूने लिये गये। जिनकी जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्यवाही की जायेगी। कार्यवाही के दौरान विभाग का सहयोगी स्टॉफ भी मौजूद रहा।

# मल्हारगढ़ पुलिस ने बाइक सवार से पकड़ी एक किलो अफीम

**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मल्हारगढ़ थाना पुलिस ने फोरलेन हाइवे के निकट से एक बाइक सवार के कब्जे से 1 किलो अवैध अफीम बरामद की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर महू-नीमच फोर लेन हाइवे के मोल्याखेड़ी फंटे के निकट नाकाबंदी करते हुए मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए की बाइक को रोका। तलाशी के दौरान बाइक सवार के कब्जे से 1 किलो 85 ग्राम अफीम बरामद की गई। पूछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम दीपेश कुमार पाटीदार (23) बताया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफअवैध मादक पदार्थ तस्करी करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी अवैध अफीम कहां से लेकर आया था और किसे देने जा रहा था पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है।

# सरकारी योजनाओं के लिए प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें बैंक अधिकारी

## डीएलसीसी की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक सुशासन भवन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि बैंक में आने वाले हितग्राहियों के साथ बैंक के कर्मचारी उदार व्यवहार करें। बैंक में हितग्राहियों को कोई परेशानी नहीं होना चाहिए। उनके काम आसानी से होने चाहिए। सभी विभागों की योजनाओं के लिए बैंकों में लगे हुए प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करें। इस संबंध में एलडीएम हर सोमवार को टीएल बैठक में अपडेट करेंगे। एलडीएम को विशेष निर्देश दिये कि एसबीआई बैंक में अधिक प्रकरण लंबित है। इस संबंध में एसबीआई बैंक के साथ अलग से बैठक आयोजित करें। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों के द्वारा बैंक खाते खोले जाएंगे। इसके लिए सभी बैंक आवेदकों के तुरंत खाते खोले ताा उन खातों को आधार से लिंक करें। जो खाते पहले से खुले हुए हैं, लेकिन आधार से लिंक नहीं है। उन को आधार कार्ड से लिंक करें। 5 मार्च से 23 मार्च तक सभी बैंक यह कार्य करें। 23 मार्च को विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। उस कैंप में बैंक का एक कर्मचारी भी साथ में रहे। बैंकों में सीएम हेल्पलाइन की शिकायत बहुत अधिक संख्या में लंबित हैं। इसके लिए सभी बैंक प्रतिदिन उनकी मॉनिटरिंग करें तथा उनका निराकरण करें।

# दो बाइक सवार की आमने-समने टक्कर से एक की मौत एक घायल

**मंदसौर/गरोठ/दैनिक मालवा हेराल्ड।।** शुक्रवार को देर रात में दो बाइक सवार की आमने-सामने हुई टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका इलाज जारी है पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात में बरडिया अमरा के यहां पर मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार शंकर लाल पिता बंसीलाल मेंहर 28 साल निवासी चंदवासा की मौके पर ही मौत हो गई वही दसरा व्यक्ति राहुल पिता नंदलाल सांवरिया खटीक उम्र 33 साल निवासी चंदवासा गंभीर घायल हो गया जिसका इलाज जारी है। शनिवार को पुलिस द्वारा मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस द्वारा दुर्घटना के मामले की जांच की जा रही है।

# जिसे ट्रक सौंपा, वहीं ले उड़ा ट्रक, दो दिन बाद राजस्थान में मिला




**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शामगढ़ थाना पुलिस ने चोरी हुए ट्रक को बरामद किया है। चोरी की वारदात को ट्रक ड्राइवर ने ही अंजाम दिया था। मामले में पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से ट्रक बरामद किया है। शामगढ़ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी परवेज खान निवासी भवानी मंडी राजस्थान ने 2 मार्च को ट्रक चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस के अनुसार, फरियादी परवेज का ट्रक शक्कर की बोरियां भरकर 1 मार्च को शामगढ़ खाली करने आया था।

ट्रक में जीपीएस सिस्टम भी लगा था। जीपीएस सिस्टम के अनुसार ट्रक की आखिरी लोकेशन भी शामगढ़ ही आ रही थी। इसके बाद ट्रक गायब हो गया। इसकी शिकायत फरियादी ने अगले दिन शामगढ़ थाने में दर्ज करवाई। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर ट्रक की तलाशी के लिए विशेष टीम बनाकर अलग-अलग क्षेत्रों में भेजा। 2 दिन की तलाशी के बाद शामगढ़ पुलिस ने साइबर सेल की मदद और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी और अन्य लोगों से पूछताछ करते हुए राजस्थान के झालावाड़ जिले के रायपुर गांव से ट्रक को बरामद किया है। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक सुरेश दांगी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ड्राइवर ने ट्रक में लगे जीपीएस सिस्टम को तोड़ दिया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# लापता युवक का शिवना नदी से मिला शव

**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के खिड़की माता क्षेत्र में शिवना नदी से अर्पित पिता अशोक जैन 30 साल निवासी कल्पना नगर अभिनन्दन का शव रविवार को मिला। नई आबादी पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेजा। मृतक दो दिन से लापता था, जिसकी कोतवाली में गुमशुदगी भी दर्ज है।

# राशन के 4 क्विंटल 80 किलो चावल की कालाबाजारी पकड़ाई, प्रकरण दर्ज

**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोतवाली पुलिस ने राशन के 4 क्विंटल 80 किलो चावल की हेराफेरी करने के मामले में प्रकरण दर्ज किया है। मामले में काला बाजारी करने वाले विरेन्द्र सबनानी पिता तोलाराम सबनानी निवासी पारख कालोनी मंदसौर को आरोपी बनाया गया है।

पुलिस के अनुसार विरेन्द्र सबनानी पिता तोलाराम सबनानी निवासी पारख कालोनी मंदसौर के कब्जे से वाहन क्रमांक एमपी 13 जीबी 4837 मे 11 नग प्लास्टिक के कट्टो मे कुल 4 क्विंटल 80 किलोग्राम सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) चावल का व्यापार किये जाने पर कनिष्ठ आपुर्ती अधिकारी नारायणसिंह चन्द्रावत के आवेदन पत्र से थाना शहर कोतवाली में अपराध क्रमांक 131/2023 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम का पंजीबद्द किया गया।







# खुशियों से भरी होली!

**जीएनएस।** एण्डटीवी के शो 'दूसरी माँ' में यशोदा एवं कृष्णा होली के दौरान एक नये सफर पर निकलने वाले हैं और 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में किरदार एक ट्विस्ट के साथ होली खेलेंगे, जो दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोट-पोट कर देगा। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' के बारे में बताते हुये यशोदा ने कहा, ''होली के दौरान, दर्शक 'दूसरी माँ' में एक बहुत बड़ा हाई प्वाइंट देखेंगे। कृष्णा (आयुध भानुशाली) और यशोदा (नेहा जोशी) को पता चलता है कि अशोक (मोहित डागा) हरिद्वार में है और वे उसे ढूंढने के लिये वहां जाने का फैसला करते हैं। इस बीच, अशोक जोकि बेहद दुखी है, एक संन्यासी बनने और सांसारिक मोह-मोया के बंधन से मुक्त होने का फैसला करता है।''

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये, दरोगा हप्पू सिंह ने कहा, ''अपने दोस्त बटुक की होली पार्टी से लौटते हुये, हप्पू (योगेश त्रिपाठी) और बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) का एक अनजान व्यक्ति से झगड़ा हो जाता है। अपने घर पर होली खेलने के दौरान ऋतिक उन्हें बताता है कि नल से पानी नहीं आ रहा है, जिसके बाद हप्पू और बेनी शिकायत करने के लिये फौरन जल विभाग पहुंचते हैं। वहां पहुंचने पर उन्हें पता चलता है कि जल विभाग का अधिकारी वही शख्स है, जिससे पिछली रात उनका झगड़ा हुआ था। उसी ने हप्पू को सबक सिखाने के लिये उसके घर की पानी की सप्लाई बंद की है।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की आगामी होली की कहानी के बारे में बात करते हुये, अनीता भाबी ने कहा, ''अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) डेविड चाचा (अनूप उपाध्याय) से उनके मृत पिता की कहानी सुनकर भावुक हो उठती है और उनके लिविंग रूम में उनकी एक तस्वीर टांग देती है। मॉडर्न कॉलोनी में हर कोई होली का जश्न मनाने में व्यस्त है और दूसरी ओर एक नींबू काटते समय विभूति (आसिफ शेख) की ऊंगली कट जाती है और उसका खून लिविंग रूम में टंगी तस्वीर पर गिर जाता है। इसके बाद उसके दादा जी की आत्मा उसके शरीर के अंदर प्रवेश कर जाती है और वह हर किसी के साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर देता है। वह तिवारी (रोहिताश्व गौड़) के चेहरे पर रंग फेंक देता है और अंगूरी (शुभांगी अत्रे) की कलाई को बहुत जोर से मरोड़ देता है। जब चाचा उसे रोकने की कोशिश करते हैं, तो वह उन्हें थप्पड़ जड़ देता है, जिससे चाचा जी को आभास होता है कि विभूति के अंदर उनके स्वर्गीय पिता की आत्मा घुस गई है।''

**होली स्पेशल देखिये 'दूसरी माँ' में रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' में रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' में रात 10:00 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार, सिर्फ एण्डटीवी पर!**

## हे नारी तू

*हे! नारी तू उठ जा*
*विजयपथ पर*
*जीत का परचम लहरा जा*
*तू मत डर*
*आंधी की तरह बढ़ आगे*
*डटी रहो*
*जीवन रथ पर*
*अरमानों को मत दबा*
*रख बाजुओं पर भार अपना*
*चल पड़, निकल ले*
*उठा ले खुद को।*
*राहों में मिलेंगे*
*टेढ़े- मेढ़े रास्ते*
*मत डरना मत रुकना*
*डटी रहना पथ पर*
*मंजिल की कुछ दूरी पर*
*होगी तू डांवाडोल जरूर*
*फिर ऊर्जा से भर जाना*
*रास्ता अब नजदीक है*
*पथ पर पहुंचेगी*
*ठोकरे होंगी हजारों सीमा*
*ठोकरों को मार ठोकर*
*बढ़ जाना विजय की ओर*
*परचम जीत का लहरा देना*
*मर्दानी तू ,दुर्गा रूप में खड़ी रहना*
*सिंह पर हो सवार*
*डटी रहना विजय रथ पर*
*लहरा देना जीत का परचम*
*है नारी तू डटना यूं ही*

***-सीमा रंगा***
***इन्द्रा हरियाणा***



## करुणा

*छल,कपट,दुष्काम,लोभ,लालच के बीच*
*पंकज की भांति खिलती है करुणा,*
*जो दैदीप्यमान रवि की लाती अरुणा,*
*यह सम्पूर्ण व्यक्तित्व का है सार,*
*नहीं कोई लालच, नहीं कोई व्यापार,*
*जियो और जीने दो,*
*प्रत्येक को समता का रस पीने दो,*
*आचार विचारों में करुणा लाओ,*
*बुद्ध के और करीब आओ,*
*अहम को घटाओ,*
*वहम को मिटाओ,*
*यह त्याग और शील का साथी है,*
*मानवता का प्रेमपूर्ण पाती है,*
*हर क्षण हर काल में है प्रासंगिक,*
*हृदय में जगाती है प्यार अत्यधिक,*
*बुद्ध, कबीर, रैदास, बाबा साहेब*
*थे सब करुणा के वाहक,*
*यूं ही नहीं इनका नाम लिया जाता नाहक,*
*प्रकृति से,*
*स्वकृति से,*
*कर्म से मन से,*
*निःस्वार्थ स्वच्छ तन से,*
*प्रवाहित होती है करुणा,*
*बस खुद में है भाव जगाने की जरूरत,*
*तब चहुँओर नजर आएंगे*
*करुणा लिए*
*बुद्ध ही बुद्ध की सूरत।*

***- राजेन्द्र लाहिरी छ. ग.***



## नारी हुँ मैं

*नारी रूप में जन्मी हुँ मैं,*
*मुझको पाप तुम समझो ना,*
*माना कि नारी हुँ मैं,*
*मुझको निर्बल तुम मानो ना,*
*नही रहना है तुम पर निर्भर,*
*मैं खुद ही समर्थशाली हुँ,*
*मुझको आगे बढ़ते जाना है,*
*अपनें घर का मान बढ़ाना है ,*
*नारी को समाज में आनें दो,*
*नारी हर घर की लक्ष्मी हैं,*
*नारी सबका सम्मान है,*
*नारी से तुमने जन्म लिया,*
*उसको ना ऐसा नष्ट करों,*
*उसको ना ऐसा कष्ट करो।*

***-मुस्कान केशरी***

## ग़ज़ल

*घबराते नहीं है जो भी इस ज़माने से*
*घपले के बाद भी मतलब रख क़माने से*
*बहू लाई कम दहेज होकर उससे ख़फा*
*शर्म ना आती है उसको अब जलाने से*
*क़ानून भी देता है अब मुज़रिम का साथ*
*अतः सच भी डरने लगा उसको बचाने से*
*अगर हुआ नहीं उनका स्वार्थ पूरा तो*
*चूकते नहीं है उसको यारों गिराने से*
*विरासत में दे गये जब अब्बा खूब माल*
*मिलती नहीं फ़ुरसत उसको अब उड़ाने से*
*पैसों की दौड़ में हो गया अर्जुन अंधा*
*भटक गया है वो अपने सही निशाने से*
*जो कुछ करना है खुद को करना है 'रमेश'*
*दया की भीख कभी मत लेना ज़माने से*

***-रमेश मनोहरा***



## कविता

*यदि समाज से नहीं मिल पा रहा*
*तुम्हें अपना औचित्य पद या गरिमा*
*तो कट जाओ समाज से*
*जैसे कट जातीं हैं टहनियों से नन्हीं फलियां*
*जैसे कट जातीं हैं नदियों के मुख्य धारा से एक*
*मुसबिल्ले का सहारा ले छोटी धारा*
*जैसे कट जातीं हैं पुरानी लीक से नई गाड़ियां*
*ये कट कर चलने की स्थिति एक दिन पहुँचा*
*देगी आप को अपने यथोचित पद तक।*

***- सुब्रत राय***

# द क्यू टीवी पर शुरू हुए बालवीर को मिल रहा दर्शकों का भरपूर प्यार




**जीएनएस।** 3 मार्च 2023-फेंटेसी टेलीविज़न शो बालवीर इन दिनों फिर सुर्ख़ियों में है। डीडी फ्री डिश पर मौजूद द क्यू टीवी परअपनी वापसी के साथ, बालवीर एक बार फिर दर्शकों को टीवी सेट्स से चिपके रहने पर मजबूर कर रहा है। द क्यू टीवीपर 26 फरवरी से शुरू हुए, सात परियों की अद्भुत शक्तियों से भरपूर, देश के एकलौते चाइल्ड सुपरहीरो बालवीर कीकहानी, अपने दिलचस्प किरदारों, बेहतरीन स्टोरी लाइन व सुपरहिट एक्शन से बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भीमनोरंजित कर रही है।इस बारे में बात करते हुए क्यू टीवी के प्रोग्रामिंग हेड आशुतोष बर्वे ने कहा, क्यू टीवी पर अपने दर्शकों के लिएबालवीर को लाने पर हम बेहद उत्साहित हैं। बालवीर देश के सबसे प्यारे चाइल्ड सुपरहीरो हैं। प्रत्येक एपिसोड में सुपररोमांच, दमदार एक्शन, कॉमेडी, स्पेशल इफेक्ट्स और इमोशन मौजूद है। कुल मिलाकर इस शो में वह सब कुछ है जोदर्शकों को पसंद आता है। बालवीर खलनायिका भयंकर परी की दुष्ट योजनाओं से लड़ेगा और प्रत्येक एपिसोड में यहदेखना दिलचस्प व रोमांचक होगा कि बालवीर खलनायकों को कैसे हराता है। कहीं न कहीं मैं यह भी कहना चाहता हूंकि द क्यू टीवी हमेशा कुछ अधिक करने में विश्वास रखता है और हमारे प्रिय दर्शकों के लिए सर्वश्रेष्ठ कंटेंट लाता है।इसे जारी रखते हुए अब हम देश के सबसे प्यारे चाइल्ड सुपरहीरो को लेकर आए हैं। बालवीर जिसे परी लोक की परियों द्वारा अविश्वसनीय महाशक्तियों का आशीर्वाद प्राप्त है। लेकिन पृथ्वी पर बच्चोंके विनाश के पीछे एक दुष्ट परी हावी है और पृथ्वी पर मानवता की रक्षा व बच्चों के संरक्षण के लिए, बलवीर कोउसके खिलाफ खड़ा होना पड़ता है। यह शो सोमवार से शुक्रवार शाम 7:30 बजे द क्यू टीवी पर टेलीकास्ट हो रहा है।इस दौरान शो न देख पाने वाले दर्शक, हफ्तेभर के धमाकेदार एपिसोड के मजे शनिवार और रविवार को ले सकते हैं।

## गौरी, होली और बसंत

*होली का हुड़ दंग मचा, आया बसंत राज*
*गोरी बचाती छिपकर, धूंघट में ही लाज*
*होली तुमने कर दिया, बसंत मालामाल*
*डालियॉ महकने लगी, कल तक थी बदहाल*
*छिपकर रहते थे यहॉ, वे भी हुए हलाक*
*पहनी उसने देखिये, रंगों की पौशाक*
*महक उठा परिवेश ये, महके तो रण द्वार*
*धरती ने देखो किया, रंगों से श्रृंगार*
*होली पर जब आ गये, उसके देखो मीत*
*होगी सजना संग में, बहुत ही गहरी प्रीत*
*होली आते ही लगी, मन में मिठी पीर*
*साजन संग चलाएगे, विविध रंग के तीर*
*रंगों की बौछार से, रूप खिला है आज*
*गौरी ने बदले सभी, अपने सब अंदाज*
*प्रीतम के आते सदा, गौरी गाती गीत*
*होली और बसंत में, होती उसकी जीत*
*प्रीतम के संग खेलती, होली देखो आज*
*अपने पास पाकर के, रखती देख लिहाज*
*गात गौरी का खिलता, जैसे खिले पलाश*
*रहती है हरदम सदा, अपने साजन पास*
*फागुन आते ही भरे, ठण्डी-ठण्डी आह*
*होती हरदम ही उसे, साजन की ही चाह*

***-रमेश मनोहर***

## ग़ज़ल

*धूप जब लेने लगी अँगड़ाइयाँ ।*
*कद बदलने लग गईं परछाइयाँ ।।*
*नफरतों के बीज जब उगने लगे ,*
*सामने आने लगीं सच्चाइयाँ ।।*
*दोस्ती में घुस गई शक की सुई,*
*तो सदा बढ़ती रहेंगी खाइयाँ ।।*
*थक गया सूरज असर कुछ यूँ हुआ*
*रात की हल हो उठी कठिनाइयाँ।।*
*गेंद सा गेंदा ग़ज़ब गदरा गया ,*
*देखकर बौरा उठीं अमराइयाँ ।।*
*धूप का रँग रूप पर चढ़ने लगा ,*
*प्राण को खलने लगीं तनहाइयाँ ।।*

***-गिरेन्द्रसिंह भदौरिया***

## चींचीं चींटी

घर आंगन में खूब उत्पात मचाती,
सोहबत में बैठी चींचीं की थाथी।
चींचीं चींटी सबकी है प्यारी चींटी,
प्यारी चींचीं बड़ी सुन्दर चींटी,
घर -आंगन की है शोभा बनकर,
उत्साहित दिखती हैं चींचीं चींटी।
मीठी सी गुदगुदी मिलीं जब,
दौर पड़ी वह ज़ोर से चींचीं।
घर वाले परेशान यहां सब,
बच्चों को खूब तंग यह करतीं।
चीनी के वर्तन में चींचीं चींटी,
गुड़ तिल में घुमती चींचीं चींटी।
मीठे पकवान जहां पर मिलता,
चींचीं चींटी की है बनतीं राह।
घर के बच्चों को नहीं पसंद यह,
बच्चों को खूब दुःख अम्बार।
घर-घर में बैठीं हुईं मालकिन,
दुःख में दिखता है घर -संसार।
तरह-तरह के उपाय को ढूंढ़ने ,
खूद लग जातीं हैं बारम्बार ।
मीठी दुनिया की चींचीं चींटी,
सबमें दिखता है मीठेपन की मार।
बच्चों को यह झुण्ड खूब सताती,
सबसे करते रहतीं तकरार।



**-डॉ.अशोक, पटना,बिहार।**

## कैसे मनाऊँ मैं होली

*पास मेरे तुम हो नहीं*
*किसको लगाऊँ लाली रोली*
*नसीब मेरे तो पतझड़ लिखा*
*काँटे ही काँटे मेरी झोली*
*तुम बिन,कैसे मनाऊँ मैं होली*

*गलियन तुम बिन वीरान पड़ी*
*सुनसान,पनघट सखियों की बोली*
*किसे सुनाऊँ मैं हाल-ए-दिल*
*कि तुम थी बहुत ही भोली*
*तुम बिन, कैसे मनाऊँ मैं होली*

*साथ तेरा मधुमास जैसा था*
*जैसे बसंत में सरसों की डोली*
*तुम थी तो जरूरत ही नहीं*
*मुझे भांग की गोली*
*तुम बिन कैसे मनाऊँ मैं होली*

*रंग बरसाने निकली थी जब*
*हम दीवानों की टोली*
*प्रीत के रंग में रंगे उस दिन से*
*जब भिगोई मैंने तुम्हारी चोली*
*उसी दिन बन गई तुम हमजोली*
*तुम बिन कैसे मनाऊँ मैं होली*

*कर्ण मेरे आतुर हो रहे,सुनने*
*तुम्हारी मीठी कोयल सी बोली*
*प्रियतमा तुम एक बार फिर*
*हो जाओ मेरी,मैं तुम्हारी हो ली*
*तब हो सुखद दोनों की होली*

***-महेन्द्र साहू खलारीवाला***

# महिला दिवस पर टेलीविजन की प्रमुख अभिनेत्रियों ने समानता अपनाने के बारे में की बात!













**जीएनएस।** नारीत्व का यशोगान करने और लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है और इस साल के लिए महिला दिवस की थीम है #EmbraceEquity (एम्ब्रेस इक्विटी या समानता को अपनाना)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एण्डटीवी के कलाकारों - 'दूसरी माँ' की यशोदा ऊर्फ नेहा जोशी, 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश सिंह ऊर्फ कामना पाठक, कटोरी अम्मा ऊर्फ हिमानी शिवपुरी और सपना सिकरवार (बिमलेश) तथा 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी ऊर्फ शुभांगी अत्रे एवं अनीता भाबी ऊर्फ विदिशा श्रीवास्तव ने एक समावेशी दुनिया का निर्माण करने के लिये समानता को अपनाये जाने के बारे में बात की। एण्डटीवी के शो 'दूसरी माँ' में यशोदा का किरदार निभा रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''जब है नारी में शक्ति सारी, तो फिर क्यों नारी को कहें बेचारी?'' मैंने कहीं पर इसे लिखा हुआ पढ़ा था और इस बात ने मेरे मन एक बहुत गहरा प्रभाव छोड़ा, क्योंकि मेरी राय में इसका एक-एक शब्द बिल्कुल सत्य है। महिलाओं को पराक्रम और शक्ति का प्रतीक माना जाता है, लेकिन अक्सर उन्हें परिवार में, कार्यस्थ्लों पर या दूसरी जगहों पर भेद-भाव का सामना करना पड़ता है। एक विविधतापूर्ण संसार में, सभी लोगों को एकसाथ लेकर चलना आवश्यक है। हमारे अंदर कुछ भी बनने और हम जिसे चाहे उससे चुनने की ताकत है। हमें इस समानता को जरूर अपनाना चाहिये और इसे सेलीब्रेट करना चाहिये। आईए इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समानता को दिल खोलकर अपनायें। मैं एक ऐसी दुनिया की कामना करती हूँ, जहाँ मतभेदों को स्वीकार किया जाता हो, उसे सराहा जाता हो और उसका जश्न मनाया जाता हो। तो आईऐ, ह्मश्वद्वह्ल्ड्डह्ष्द्गह्नह्वद्बह्ल4 के साथ महिलाओं के लिए समानता का संकल्प लें। एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा का किरदार अदा कर रहीं, हिमानी शिवपुरी ने कहा, ÷लैंगिक आधार पर भेदभाव आज भी एक बड़ी समस्या है। #EmbraceEquity की थीम लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता फैलाने का एक उत्कृष्ट तरीका है। जब तक महिलाओं को पुरूषों के समान अधिकार नहीं मिल जाते, हम समाज को सभी के लिये मुक्त और समानतापूर्ण नहीं बना सकते हैं। यह एक मानवाधिकार है और हम सभी को यह मिलना ही चाहिये। बीते सालों में, राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ा है और आर्थिक क्षेत्र में उन्हें और भी ज्यादा अवसर एवं बेहतर हेल्थकेयर मिल रहा है। लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में महिलाओं के साथ भेद-भाव किया जाता है, जिस पर ध्यान दिये जाने की जरूरत है। यदि हमारी आधी आबादी पिछड़ी रहेंगी, तो हम महिलायें कभी भी कामयाब नहीं हो सकती हैं, इसलिये समाज में सभी महिलाओं द्वारा लैंगिक समानता को जरूर अपनाया जाना चाहिये और यह सिर्फ लैंगिक भेदभाव के बिना एक समानतापूर्ण परिवेश तैयार करके ही संभव है। दुनिया भर की सभी महिलाओं को सलाम। महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।÷ एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का किरदार निभा रहीं शुभांगी अत्रे ने कहा, ÷महिलायें पराक्रम, शक्ति और सौंदर्य का दूसरा नाम होती हैं, लेकिन समाज उसे पुरूषों की तुलना में कमतर समझता है। हालाँकि, मेरे परिवार में हमेशा ही मुझे समान प्यार और सम्मान मिला है, लेकिन मैं जानती हूँ कि हमारे समाज के दूसरे तबकों में महिलाओं के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाता है। बचपन से ही महिलाओं से भेद-भावपूर्ण व्यवहार को देखकर मुझे बहुत दुःख होता है, जो धीरे-धीरे उसके पेशेवर एवं निजी जीवन में भी फैल जाता है। मुझे खुशी है कि इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान दिया गया है और अब यह इस साल की अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम के अंतर्गत वैश्विक चर्चा का एक हिस्सा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर, मैं बस इतना कहना चाहूंगी कि आवाज उठाना, बोलना और अपने नारीत्व को स्वीकार करना बेहद जरूरी है। आप वाकई जिसमें विश्वास रखते हैं, उसके लिये खड़ा होना स्वार्थ नहीं है। जागरूक रहें और आप अपने जीवन से जो चाहती हैं, उसे करके खुद को अभिव्यक्त करें।

कामना पाठक, जो एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ÷भारत का समाज काफी बदल रहा है और अब परिवार के प्रमुख कमाऊ व्यक्ति, प्रोफेशनल्स अथवा आत्मनिर्भर विचारक के रूप में महिलाओं की बदलती भूमिकाओं को स्वीकार कर रहा है। महिलाओं ने हर पहलू से खुद को पुरूषों के बराकर प्रमाणित करके बार-बार अपनी काबिलियत साबित की है। इस साल की 'एम्ब्रेस इक्विटी' की थीम एक ज्वलंत विषय पर आधारित है और मुझे लगता है कि अधिक से अधिक लोगों को इसके बारे में बात करना चाहिये एवं एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिये, जहाँ महिला और पुरुष दोनों के साथ समान व्यवहार किया जाता हो। समानता को अपनाकर, हम विविधता एवं समावेशन को अपनाते हैं। हिस्सेदारी की इस प्रक्रिया के माध्यम से हम समानता को प्राप्त कर सकते हैं। विदिशा श्रीवास्तव, जो एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार अदा कर रही हैं, ने कहा, महिला होने के नाते महिला दिवस का जश्न मनाना अच्छा लगता है, जब हर कोई हमें शुभकामनायें देता है। सभी द्वारा प्यार एवं सम्मान पाने का अहसास हमें महसूस करवाता है कि हम बेहद खास हैं। मैं भी यही मानती हूँ कि महिला दिवस के रूप में किसी एक दिन महिलाओं को खास महसूस करवाये जाने के बजाय, हमें साल भर नारीत्व का यशोगान करना चाहिये, उसका सम्मान करना चाहिये और उसे प्यार देना चाहिये। ऐसा इसलिये क्योंकि निजी और व्यावसायिक स्तर पर हम सभी की अपनी-अपनी लड़ाइयाँ हैं। बचपन से ही मेरी माँ ने मेरे और मेरे भाई के साथ हमेशा ही एक जैसा व्यवहार किया है। मेरे परिवार में कई पीढ़ियों से बेटे-बेटियों को समान दर्जा दिया जाता रहा है और मुझे इस पर गर्व है। जैसा कि कहा जाता है 'चैरिटी की शुरूआत घर से होती है।' हमें इस बुराई को अपनी जिंदगी से निकाल फेंकना चाहिये और यह उम्मीद करनी चाहिये कि समाज में भी धीरे-धीरे बदलाव आयेगा। आईए भेदभाव से रहित समाज की दिशा में एक कदम बढ़ायें और अपनी जिंदगी में शामिल महिलाओं को सम्मान दें एवं 'नारी शक्ति' को सशक्त बनायें।÷ एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश की भूमिका निभा रहीं सपना सिकरवार ने कहा, ÷आज हम जहाँ चाहें जा सकती हैं, जो चाहे कर सकती हैं। हमें यह जिंदगी दी गई है, क्योंकि हम स्मार्ट, मजबूत और इस जिंदगी को जीने के काबिल हैं। हम अपने सपनों को पूरा करना जानती हैं, लेकिन भारत और कई विकासशील देशों में, महिलायें वहाँ पर नहीं हैं, जहाँ उन्हें होना चाहिये। हमारे लिये शिक्षा सबसे जरूरी चीज है और दूसरी जरूरी चीज है अपने परिवारों का सपोर्ट। एक महिला के बारे में कुछ तो खास है, जो पुरूषों की दुनिया पर राज करती है। वह है उसकी सौम्यता, शक्ति, बुद्धिकौशल, निडरता और कभी भी हार नहीं मानने का जज्बा। महिला दिवस का जश्न मनाते हुये आईऐ जरूरतमंद महिलाओं को शिक्षित एवं सशक्त बनायें। आप सभी को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।''

**देखिये 'दूसरी माँ' रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार, सिर्फ एण्डटीवी पर!**





# सशक्त नारी

## सशक्त परिवार, सशक्त समाज, सशक्त प्रदेश, सशक्त देश

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

## शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

द्वारा

# शुभारंभ

5 मार्च, 2023

अपराह्न 1.00 बजे | जम्बूरी मैदान, भोपाल

- प्रत्येक पात्र बहन को प्रति माह रुपये 1000/-
- योजना अंतर्गत आवेदन हेतु आवश्यक जानकारी का पत्रक कैम्प, ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय, आंगनवाड़ी केन्द्र से दिनांक 23 मार्च, 2023 से निःशुल्क मिलेगा जिसे पात्र बहनों को भरना होगा।
- कैम्प की तिथियां स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत द्वारा सभी को पृथक से अवगत करायी जायेंगी।
- आवेदक बहन को स्वयं उपस्थित होकर लाइव फोटो खिंचवानी होगी।
- आवेदक बहन का व्यक्तिगत बैंक खाता होना तथा उक्त बैंक खाते का आधार लिंक एवं डी.बी.टी. इनेबल्ड होना आवश्यक है।
- आवेदक बहनें कैम्प में आने के पूर्व समग्र पोर्टल में अपना आधार ई—के.वाय.सी. पूर्ण करा लें।

**अधिक जानकारी के लिये जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, स्थानीय निकाय/ग्राम पंचायत से संपर्क करें या वेबसाइट cmladlibahna.mp.gov.in पर विज़िट करें।**

D11242/22 सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )